

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -88 जबलपुर, शुक्रवार 02 मई 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

### पहलगाम के दहशतगर्दो को अमित शाह का कड़ा संदेश

## लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई, चुन-चुन कर लिया जाएगा बदला

नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को चेतावनी दी कि उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि उन्होंने युद्ध जीत लिया है। पहलगाम के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में शाह ने कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। आतंकवादियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि हमारे 27 लोगों को मारने के बाद उन्होंने युद्ध जीत लिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि पहलगाम में नागरिकों की हत्या करने वाले हर एक आतंकवादी की तलाश की जाएगी और उसे दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेगी और पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देगी।



शाह ने कहा कि मैं आज जनता से कहना चाहता हूं कि 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती से लड़ रहे हैं। आज वो (आतंकवादी) ये न सोचें कि हमारे नागरिकों की जान लेकर उन्होंने जंग जीत ली है। मैं आतंक फैलाने वालों से कहना चाहता हूं कि ये जंग खत्म नहीं हुई है, हर एक को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने हर चीज का कड़ा जवाब दिया है, चाहे वो नॉर्थ ईस्ट हो, वामपंथी उग्रवाद के इलाके हों या कश्मीर में आतंकवाद का साया हो।

अमित शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि अगर कोई सोचता है कि कायराना हमला करके उसने अपनी बड़ी जीत हासिल कर ली है, तो समझ लीजिए ये नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस देश के हर एक इंच से आतंकवाद को उखाड़ फेंकना हमारा संकल्प है। बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की विरासत को सम्मानित करने के लिए सड़क और प्रतिमा के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का उद्घाटन करने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि असम बोडोलैंड के लोगों को स्वीकार करता है और बोडोलैंड असम को स्वीकार करता है। आज बोडोलैंड से बहुत सारे लोग मेरी बात सुन रहे हैं, मैं कहना चाहता हूँ कि आप सभी को किसी भी तरह की हीन भावना नहीं रखनी चाहिए। इस देश पर जितना हक मेरा है उतना ही आपका भी है। 9 महीने की विस्तृत चर्चा के बाद 2020 में बोडो समझौते पर हस्ताक्षर हुए और सभी लोग आज हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मैं बोडोलैंड के लोगों से कहना चाहता हूँ कि हमने आपके साथ किए गए समझौते के 96त्न मुद्दों को सुलझा लिया है।

## कानून और व्यवस्था की दृष्टि से पूरे प्रदेश के साथ हर जिले को आदर्श रूप में लाना है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कानून और व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक संपन्न



जबलपुर-(**नगर प्रतिनिधि**)। मुख्य्रमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यपक्षता में आज कानून और व्यपवस्थौ को लेकर कल्चुरी होटल में पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंषने विशेष रूप से बालाघाट, मंडला, डिंडोरी में नक्सकल गतिविधियों के उन्मूलन की समीक्षा की और कहा कि नक्साल उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्य करें। इसके साथ ही जबलपुर संभाग के अन्यो जिलों में कानून और व्य वस्था बनाये रखनें, अपराधिक तत्वोंं पर नियंत्रण करने के संबंध में आवश्य क निर्देश दिये। उन्होंउने कहा कि जुआं, सट्टा, अवैध मादक पदार्थ व अवैध रेत उत्ख नन व परिवहन पर भी कार्यवाही करें। धार्मिक स्थंलों पर ध्वकनि विस्तापरक यंत्रों, खुले में मांस बिक्री, गौवंश की तस्कथरी पर भी प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तु व्य क्तियों की पहचान करें और सख्तीद से कार्यवाही करें। मुख्यगमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से कहा कि कानून और व्यावस्थाी की दृष्टि से पूरे प्रदेश के साथ हर जिले को आदर्श रूप में लाना है। जनजातियों से विवाह कर भूमि व संपत्ति के मालिक बनने की साजिश पर भी निगरानी रखें, सतर्कता दिखायें। उन्होंयने कहा कि कानून और व्येवस्था बनाये रखने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में डीजीपी श्री कैलाश मकवाना, एसडीजी श्री पंकज श्रीवास्तमव, एडीजी श्री साई मनोहर सहित संभाग के सभी आईजी व एसपी उपस्थित थे।

## प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम बदला, तेज आंधी के साथ बारिश, ओले गिरे

### मोबाइल टॉवर गिरा 4 मवेशियों की मौत

जबलपुर/भोपाल. एमपी के कुछ जिलों में अचानक मौसम ने करवट ले ली है. डिंडौरी व जबलपुर में आज दोपहर के वक्त आंधी के साथ बारिश हुई. मौसम विशेषज्ञों ने डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, मैहर, सिवनी व बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है. मैहर के कई इलाकों में ओले गिरे भी हैं.

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आकाशीय बिजली चमकने के साथ ही बारिश के आसार है. इसी तरह मंडला, छिंदवाड़ा, पन्ना, शहडोल, सतना, रीवा,मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, रतलाम, उज्जैन व राजगढ़ में भी हल्की गरज के साथ बारिश होने की संभावना बन रही है. इसके अलावा आज शाम 4 बजे के लगभग जबलपुर में भी मौसम ने अचानक करवट बदल ली, यहां पर आंधी के साथ साथ पानी गिरा है. इससे पहले बैतूल के पिपरिया गुरुवा गांव में आंधी से 100 फीट ऊंचा बीएसएनएल टावर गिर गया. हादसे में चार बैल मारे गएए जबकि दो घायल हो गए. वहीं इंदौर में शाम को तेज हवा चलने से पेड़ गिर गया. भोपाल में शाम 4 बजे के बाद बादल छाए रहे. नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, उज्जैन, इंदौर, शाजापुर, राजगढ़, भोपाल, हरदा, रतलाम, खंडवा, देवास, सीहोर, अनूपपुर, डिंडौरी व नर्मदापुरम में हल्की बारिश हुई. तेज आंधी भी चली. शाजापुर में सबसे ज्यादा 73 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली.

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की अपील

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा

कानपुर (आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने का आग्रह किया। एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और मृतकों को शहीद के रूप में आधिकारिक मान्यता देने की उनकी मांग का समर्थन किया। गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख और उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की उनकी मांग के साथ खड़ा हूं। प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें यह सम्मान दें। इससे पहले बुधवार को रायबरेली से कांग्रेस सांसद ने कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि वे मृतक के लिए शहीद का दर्जा चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, मैंने कानपुर में एक पीड़ित के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मुझसे नरेंद्र मोदी को संदेश भेजने के लिए कहा। उन सभी परिवारों की ओर से मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं - %प्रधानमंत्री जी, उन्होंने कहा है कि हमारे बच्चे शहीद हुए हैं। हम चाहते हैं कि आप उन्हें शहीद का दर्जा दें और उन्हें सम्मान दें। गांधी ने कानपुर में शुभम द्विवेदी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि विपक्ष पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि आतंकियों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। चाहे वे जहां भी हों, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि आतंकियों को ढुलमुल तरीके से नहीं, बल्कि पूरी मजबूती के साथ करारा जवाब देना है,




### पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत, अपने ही नागरिकों को वापस लेने से कर रहा इनकार, वाघा-अटारी सीमा पर फंसे लोग

नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत ने भारत में फंसे पाकिस्तानी नागरिकों के पाकिस्तान जाने की तिथि बढ़ा दी है। कई पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान में प्रवेश करने के लिए वाघा-अटारी सीमा पर पहुंच चुके हैं। फिर भी पाक सरकार उन्हें पाकिस्तान में प्रवेश की अनुमति नहीं दे रही है। भारतीय आव्रजन अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान ने आज सुबह 8 बजे से अपने रिसेप्शन काउंटर बंद कर दिए हैं, जिसके कारण दर्जनों पाकिस्तानी नागरिक सीमा पर फंस गए हैं। सूत्रों से पता चलता है कि पाकिस्तानी नागरिक - जिनमें बुजुर्ग व्यक्ति, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं - अब अनिश्चितता में फंसे हुए हैं, उनके पास न तो आश्रय है, न ही भोजन, और न ही उनकी स्थिति के बारे में कोई स्पष्टता है।

## 'सेनाओं का मनोबल न गिराए'

### पहलगाम अटैक से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली-(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की मांग करने वाली जनहित याचिका दायर करने वाले वकीलों की कड़ी आलोचना की है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, जिम्मेदार बनो। देश के प्रति तुम्हारा कुछ कर्तव्य है। क्या यही तरीका है.. कृपया ऐसा मत करो। कब से एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ऐसे मुद्दों (आतंकवाद) की जांच करने के लिए विशेषज्ञ बन गए हैं? हम किसी भी बात पर विचार नहीं कर रहे हैं। कृपया आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। जस्टिस सूर्यकांत ने आगे कहा,



यह वह महत्वपूर्ण समय है जब इस देश का हर नागरिक आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिला रहा है। ऐसी कोई प्रार्थना न करें जिससे किसी व्यक्ति का मनोबल गिरे। मामले की संवेदनशीलता को देखें। कुछ देर बहस करने के बाद वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। जम्मू-कश्मीर के तीन निवासियों द्वारा दायर याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से केंद्र सरकार को आतंकवादी हमले पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच दल बनाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया।

## 'आतंक का साथी राहुल गांधी'

### पोस्टर पर बवाल

अमेठी (आरएनएस)। आज राहुल गांधी अमेठी के दौरे पर हैं और मुख्य बस स्टैंड पर लगे पोस्टर के कारण कांग्रेस-भाजपा आमनेसामने हो गई है। पोस्टर पर लिखा है कि 'आतंक का साथी राहुल गांधी।' पोस्टर लगाने वालों ने इंडिया गठबंधन को भी आड़ेहाथों लेते हुए फारुक अदुल्ला की फोटो लगाई है। अब इस पोस्टर पर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेसी देर रात पोस्टर फाड़ने गए थे और भाजपाइयों का कहना है कि हमने पोस्टर नहीं लगाया है। पाकिस्तान को हमले का डर- पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को लगातार डर बना हुआ है कि भारत हमला करने वाला है। कल रात डेढ़ बजे सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें उन्होंने दावा किया कि खुफिया विभाग के मुताबिक भारत हम पर हमला कर सकता है। पीएम मोदी ने कल सेना प्रमुखों के साथ जो बैठक ली थी, उसके बाद से ही पाकिस्तान की तरफ से बयानबाजी शुरू हो गई थी। तरार ने कहा कि पाकिस्तान हर तरह के हमले के लिए तैयार है। पाकिस्तान खुद भी आतंकवाद का शिकार रहा है।

### कर्नाटक क्रिकेट मैच में

## 'पाकिस्तान जिंदाबाद' कहा तो हत्या

मंगलुरू। मंगलुरू में क्रिकेट मैच के दौरान 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने पर युवक की पीटपीट कर हत्या कर दी गई। मॉब लिंचिंग के आरोप में पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की घटना कुडुपु गांव के कल्लूरती मंदिर के पास हुई। यहां क्रिकेट मैच चल रहा था। प्रमुख हत्यारे का नाम सचिन बताया गया है। उसके 19 साथियों को हमलावर बताया गया है।

## हिन्दू 'जय श्रीराम' कहते हैं तो हम 'अल्ला-हू-अकबर'

### महबूबा ने कहा इसमें बुरा क्या है !

श्रीनगर। (आरएनएस)। ज्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मेहबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर एकता क बात कही है। उन्होंने बोला कि हिन्दू 'जय श्रीराम' कहते हैं तो हम 'अल्लाहू अकबर' कहते हैं। इसमें बुरा क्या है। मेहबूबा बोलीं कि जब कोई मुसलमान मुसीबत में होता है, तो वह 'अल्लाहू अकबर' कहता है मतलब यह कि वह परेशानी में है उसे अल्लाह बचाए। जब कई हिंदू मुसीबत में होता है, तो 'जय श्रीराम' कहता है। इसमें भी कुछ बुरा नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ लोग अल्लाह और श्रीराम के नाम पर जहर फैला रहे हैं। ऐसे लोगों पर लानत है। जहर फैलाना बंद किया जाए।



### कोलकाता में हेडगेवार के नाम पर स्कूल

पलक्कड़। संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के नाम पर नगर पालिका स्कूल किया है। मार्क्सवादी क्युनिस्ट पार्टी और भाजपाइयों के बीच झड़प हो गई। नगर पालिका परिषद की बैठक में मारपीट हुई। पुलिस ने बीच- बचाव किया। भाजपा ने कहा कि अगर हेडगेवार का नाम मंजूर नहीं है, तो जिन्ना स्ट्रीट का विरोध करेंगे।

## तीन अन्य स्थानों की आतंकियों ने की थी रेकी, बैसरन घाटी में दो दिन पहले से थे मौजूद

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों ने हमले के लिए पहलगाम में बैसरन घाटी के अलावा तीन अन्य स्थानों की भी रेकी की थी। यह बात राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में सामने आई है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि तीन अन्य स्थानों, अरु घाटी, एक मनोरंजन पार्क और बेताब घाटी पर हमला करने की उनकी योजना को वहां सुरक्षा बलों की मौजूदगी के कारण विफल कर दिया गया। सूत्रों ने यह भी बताया कि 22 अप्रैल को हुए हमले से दो दिन पहले आतंकवादी बैसरन घाटी में मौजूद थे, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी।



यह भी पता चला है कि चार ओवरग्राउंड वर्कर्स (ह्लत्रङ्ख) ने आतंकवादियों को घटनास्थलों की रेकी करने में मदद की थी। पहलगाम आतंकी हमले की जांच आगे बढ़ने के साथ ही अधिकारियों ने अब तक करीब 20 ह्लत्रङ्ख की पहचान कर ली है, जबकि कुछ को गिरफ्तार भी किया गया है। हमले के सिलसिले में कुल 186 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। 22 अप्रैल को हथियारबंद आतंकवादियों ने कश्मीर के ऐतिहासिक पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी करके दहशत फैला दी।

हमले में मारे गए लोगों की पत्नियों और अन्य रिश्तेदारों ने बाद में मीडिया के सामने खुलासा किया कि आतंकवादियों ने पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनके नाम और धर्म के बारे में पूछा। उन्होंने कथित तौर पर उन लोगों से भी कलमा पढ़ने को कहा, जिन्होंने कहा कि वे मुस्लिम समुदाय से हैं। आतंकवादियों ने उन लोगों को गोली मार दी, जिन्होंने कहा कि वे हिंदू हैं और उनके रिश्तेदारों, खासकर महिलाओं को सरकार को यह सब बताने के लिए कहा।

### बिश्नोई गैंग की बदले की धमकी, हाफिज सईद की उड़ी नींद, पाकिस्तान सरकार ने बढ़ाई देश के सबसे बड़ा दुश्मन की सुरक्षा

नई दिल्ली-(आरएनएस)। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आईएसआई और पाकिस्तान सरकार ने लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद की रातों की नींद उड़ गई है। सूत्र दावा कर रहे है कि वह अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। यही कारण है कि पाकिस्तान सरकार ने उसकी सुरक्षा बढ़ा दी है। खबर है कि स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) के पूर्व कमांडो को उसकी सुरक्षा टीम में शामिल किया गया है और लाहौर के मोहल्ला जोहर स्थित उसके आवास पर अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है। 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड को जानबूझकर घनी आबादी वाले इलाके में रखा गया है, जहां मस्जिद, मदरसा और आस-पास आम नागरिकों के घर हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर उसे जेल में रखा गया है, लेकिन उसके आवास को अस्थायी उप-जेल में बदल दिया गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सीसीटीवी कैमरों से एक किलोमीटर के दायरे में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया



### बीजेपी नेता का वीडियो वायरल

## डांसर को गोद में बैठाया, किस करने की कोशिश

सिवनी मालवा।(आरएनएस)। बीजेपी नेता कमल रघुवंशी का एक आपत्तिजनक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे एक शादी समारोह के दौरान महिला डांसर से अशोभनीय हरकत करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में रघुवंशी डांसर को अपनी गोद में बैठाते और उसे चूमने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

वीडियो मंगलवार का बताया जा रहा है, जबकि वायरल बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में रघुवंशी समाज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। वीडियो सामने आने के बाद कई लोग कार्यक्रम छोड़कर चले गए और नाराजगी जताई।



नगरपालिका परिषद के बीजेपी पार्षद दीपक बाथव ने इस कृत्य को पार्टी की छवि के खिलाफ बताते हुए कमल रघुवंशी की पार्टी से सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। वहीं बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि वे वीडियो की जांच करवाएंगे, उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

कमल रघुवंशी ने सफाई देते हुए कहा, जिस डांसर को लोग देख रहे हैं, वह तो घर की बेटी जैसी है। मेरा मन पवित्र है, कोई कुछ भी कह सकता है। कमल रघुवंशी पूर्व में कांग्रेस में भी सक्रिय रहे हैं। वे किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रह चुके हैं और 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट मांगा था।

टिकट न मिलने पर चुनाव के बाद बीजेपी में शामिल हो गए। फिलहाल बीजेपी में उनके पास कोई पद नहीं है। यह मामला सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है और बीजेपी को स्थानीय स्तर पर जवाब देने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी पनागर जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि दौरान पेट्रोलिंग के बरा बस्ती परियट में बजरंग बली मंदिर के पास एक व्यक्ति हाथ में पीले सफेद रंग का थैला लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम रामकृपाल पटैल उम्र 75 वर्ष निवासी बरा बस्ती परियट पनागर बताया संदेह होने पर तलाशी लेने पर हाथ में रखे थैले को चैक करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला, एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही करते हुये तौल करने पर 392 ग्राम गांजा कीमती लगभग 4 हजार रूपये का होना

अपर आयुक्त ने पश्चिम मध्य रेल्वे की मदन महल स्टेशन परिक्षेत्र स्थित सम्पत्ति का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# भूमि, भवन का नाप करने पहुँचे निगम अमले को वरिष्ठ खंड अभियंता के द्वारा सम्पत्ति का नाप करने से किया गया मना - अपर आयुक्त

वित्तीय वर्ष 2025-26 के सर्वे में रेलवे सम्पत्ति में जो भी परिवर्तन आयेगें उसके अनुसार की जायेगी डिमांड-रेलवे प्रशासन से लगातार पत्राचार है जारी

**रेलवे से पूर्व रहवासी और व्यवसायी सम्पत्ति की मॉग लगातार की जा रही है जो आप्राप्त है**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम के अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम मध्य रेल्वे के मदन महल स्टेशन परिक्षेत्र नरसिंह वार्ड में स्थित सम्पत्ति के निर्माण के अनुरूप उपयोग निर्मित क्षेत्र की जानकारी एवं भूमि भवन का नाप करने, नगर निगम का अमला दोपहर 12:40 बजे पहुँचा जहॉं पर स्टेशन परिसर के बाहर स्थित वरिष्ठ खंड अभियंता आर.के. गुप्ता द्वारा सम्पत्ति की नाप करने से मना किया गया, जबकि रेल प्रशासन लगातार पत्राचार कर रहा है। इस प्रकार का अंकुश लगाने से प्रचलित कार्यवाही जो बकाया करों के लिए प्रचलन में है वह प्रभावित हो रही है। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र सिंह कौरव, राजस्व निरीक्षक ऋषि कुसरे, प्रमोद श्रीवास्तव, एवं संभाग के सभी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि रेलवे प्रशासन के द्वारा नाप पर आपत्ति है, वित्तीय वर्ष 2025-26 में सर्वे में रेलवे सम्पत्ति में जो भी परिवर्तन आयेगें उसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की डिमांड में सुधार किया जायेगा तथा रेलवे से पूर्व रहवासी और व्यवसायी सम्पत्ति की मॉग लगातार की जा रही है जो आप्राप्त है। उन्होंने बताया कि बकाया करों पर भुगतान की कार्यवाही दोनो विभागों से प्रचलन में है, उक्त सर्वे की कार्यवाही संभाग क्रमांक 4 अंतर्गत रेल्वे प्रशासन की सम्पत्ति में की गई।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वी डी शर्मा पहुंचे उत्तर मध्य विधायक कार्यालय सेवा सदन, नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी शुभकामनाएं



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा के सांसद वी डी शर्मा अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे जहां उन्होंने उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक कार्यालय सेवा सदन पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी डी शर्मा का स्वागत उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने शॉल, श्रीफल और माला पहना कर सेवा सदन में किया एवं श्री शर्मा ने इस दौरान मीडिया के मित्रों से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की ।

इस अवसर पर मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए वी डी शर्मा ने संगठन के कार्य को पूरी निष्ठा,ईमानदारी और ऊर्जा के साथ करने एवं सरकार के कार्यों का लाभ जन जन तक पहुंचाने की सलाह दी।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश यादव,शंकर श्रीवास्तव,प्रदीप ड्योढिया,निखिल देशकर,प्रताप सिंह बैस,नीतीश अग्रवाल,रमेश रैकवार,सपन यादव,पुष्पराज पाण्डेय,योगेश शर्मा,रवि वासवानी,लकी तिवारी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुंबई से कटिहार के मध्य चल रही समर स्पेशल ट्रेन संचालन में विस्तार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समर के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार-मुंबई सेन्ट्रलसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि को 05-05 ट्रिप विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के संत हिरदराम नगर, विदिशा एवं बीना होकर गंतब्य को जाती है। मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार-मुंबई सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (10 सेवाएं) ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार साप्ताहिक (प्रत्येक शनिवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 26.04.2025 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 03.05.2025 से 31.05.2025 तक और चलती रहेगी। (05 सेवाएं) ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेन्ट्रल साप्ताहिक (प्रत्येक मंगलवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 29.04.2025 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 06.05.2025 से 03.06.2025 तक और चलती रहेगी। (05 सेवाएं) समर स्पेशल ट्रेन के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया 222.दृठ्ठह्लद्बह्म्4.द्बठ्ठस्रद्बड्डठ्ठह्लड्डद्बद्य.द्द श्1.द्बठ्ठ पर जाएँ या ह्लञ्जश्वस् ऐप डाउनलोड करें। यात्रियों से अनुरोध है कि वे समर स्पेशल ट्रेनों की विस्तारित सेवाओं का लाभ उठाएँ।

देश के कोने कोने से पहुंचेंगे हृदय रोग विशेषज्ञ, नवीनतम तकनीकों और खोजों पर करेंगे विचार मंथन

# म.प्र. - कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस (MPCSICON 2025) जबलपुर में



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मप्र - कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस (MPCSICON 2025) जबलपुर में 3 व 4 मई 2025 को आई टी सी होटल वेलकम में आयोजित की जा रही है। कांफ्रेंस का आयोजन अकादमी ऑफ़ कार्डियक साइंसेज (ऐसीएस) जबलपुर के द्वारा किया जा रहा है। आयोजक ऐसीएस जबलपुर के अध्यक्ष डॉ सुहेल सिद्दीकी और सचिव डॉ दिलीप तिवारी ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे अनुसन्धान और नई तकनीकों पर विचार विमर्श और शैक्षणिक विकास है जिससे की मध्य प्रदेश के हृदय रोग के मरीजों को लाभ होगा। इस कांफ्रेंस में देश और विदेश के दिग्गज हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हो रहे है, जिनमें की अमेरिका के प्रतिष्ठित माउंट सिनाई हार्ट सेंटर न्यूयॉर्क से डॉ समीन शर्मा, मुंबई से डॉ आनंद राव और डॉ ब्रजेश कुमार कुंवर, दिल्ली से डॉ प्रवीण चंद्रा, डॉ अतुल माथुर, डॉ ऐस राधाकृष्णन, डॉ आर आर मंत्री, डॉ निशीथ चंद्रा और डॉ रजनीश कपूर , हैदराबाद से डॉ शरथ रेड्डी, चेन्नई से डॉ सिवा कुमार, बंगलुरु से डॉ डी एस चड्डा, लखनऊ से डॉ ऋषि सेठी, नागपुर से डॉ जसपाल अरनेजा, डॉ प्रशांत जगताप, इंदौर से डॉ सरिता राव, एवं भोपाल, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर जैसे अन्य कई शहरों से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ सम्मिलित हैं। इस आयोजन में हृदय रोगो से बचाव से लेकर हृदय की जटिल बीमारियों का इलाज, बिना सर्जरी वाल्व प्रत्यारोपण, बच्चो के हृदय की समस्या, अनियमित धड़कनो का अबलेशन से इलाज, लीडलेस पेसमेकर प्रत्यारोपण, हृदय की नली की दूरबीन से जांच, चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे। पैनल डिस्कशन के माध्यम से हृदय रोगो के चुनौती पूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। शोधकर्ता व छात्रों के द्वारा पोस्टर व शोध पेपर भी प्रस्तुत किए जाएँगे। इस कांफ्रेंस के पूर्व 1 मई को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी साझा की गई जिसमें की जबलपुर शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश अग्रवाल, डॉ अंकित अग्रवाल , डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ अखिलेश दुबे, डॉ एच पी ऐस चंदेल, डॉ नवीन शर्मा, डॉ के एल उमामहेश्वर, डॉ अनिमेष गुप्ता, डॉ विकास मिश्रा, डॉ अमित किनारे, डॉ आशीष तिवारी, डॉ शिशिर सोनी, डॉ अभिषेक गायकवाड़, डॉ एहतेशाम अंसारी, डॉ भाविक धीरावाणी और डॉ हर्षा रेड्डी उपस्थित रहे।

## कोल्हापुर से कटिहार के मध्य चल रही समर स्पेशल ट्रेन संचालन में विस्तार

जबलपुर। समर के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-कटिहार-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि को 04-04 ट्रिप विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना होकर गंतब्य को जाती है।

कोल्हापुर-कटिहार-कोल्हापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (8 सेवाएं) ट्रेन संख्या 01405 कोल्हापुर-कटिहार साप्ताहिक (प्रत्येक रविवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 27.04.2025 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 04.05.2025 से 25.05.2025 तक और चलती रहेगी। (04 सेवाएं) ट्रेन संख्या 01406 कटिहार-कोल्हापुर साप्ताहिक (प्रत्येक मंगलवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 29.04.2025 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 06.05.2025 से 27.05.2025 तक और चलती रहेगी।

(04 सेवाएं) समर स्पेशल ट्रेन के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया पर जाएँ या ह्लञ्जश्वस् ऐप डाउनलोड करें। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्पेशल ट्रेन सेवाओं की विस्तारित सेवाओं का लाभ उठाएँ।

# सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से चोरी गया मोबाइल फोन बरामद

**आरपीएफ पश्चिम मध्य रेल द्वारा डिजिटल सतर्कता रंगलाई**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और उनकी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर लगातार नवाचारों को अपनाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल ने हाल ही में दूरसंचार विभाग के सहयोग से पूरे देश में सीईआईआर पोर्टल को लागू किया है। यह पोर्टल चोरी या खोए हुए मोबाइल फोन को आईएमईआई नंबर के माध्यम से ब्लॉक, ट्रैक व रिकवर करने में मदद करता है। इसका उद्देश्य मोबाइल चोरी रोकने के साथ-साथ ऐसे उपकरणों की अवैध बिक्री को नियंत्रित करना भी है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भोपाल मंडल की साइबर सेल ने पहली बार दूरसंचार विभाग के %सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर)% पोर्टल के माध्यम से चोरी हुआ मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ढूंढ़ निकाला और यात्री को लौटाकर एक सराहनीय पहल की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण ~ दिनांक 25 अप्रैल 2025 को शिकायतकर्ता श्री मुरु द्वारा इटारसी स्टेशन पर यात्रा के दौरान उनका मोबाइल चोरी होने की जानकारी रेल मदद पोर्टल पर दी। यात्री ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई, बावजूद इसके आरपीएफ साइबर सेल द्वारा शिकायत का निपटान किया गया।साइबर सेल, भोपाल ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक किया, ताकी वह उपयोग में नहीं लाया जा सके। दिनांक 26 अप्रैल को मोबाइल को भोपाल क्षेत्र में ट्रेस किया गया, और जांच में पता चला कि यह श्री प्रवीन नामक व्यक्ति के पास है। संबंधित व्यक्ति को संपर्क कर मोबाइल निकटतम आरपीएफ पोस्ट पर जमा कराने के लिए कहा गया, और उन्होंने 30 अप्रैल को आरपीएफ पोस्ट - रानी कमलापति में मोबाइल जमा कर दिया। यह पहला मौका है जब भोपाल मंडल में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से एक यात्री की खोई हुई संपत्ति को इतनी दक्षता और पारदर्शिता के साथ बरामद कर लौटाया गया है। इस पहल से यात्रियों के बीच भरोसा और रेलवे की छवि दोनों मजबूत होती है। इस प्रयास के माध्यम से रेल यात्री अब रेल मदद, 139 हेल्पलाइन या आरपीएफ से सीधे संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बिना एफआईआर के भी, सीईआईआर के ज़रिए मोबाइल की रिकवरी की जा सकती है। पश्चिम मध्य रेल की यह सफलता यह दर्शाती है कि अब डिजिटल ट्रैकिंग और तकनीकी दक्षता से लैस रेलवे प्रशासन यात्रियों को न केवल बेहतर सेवा दे रहा है, बल्कि उनकी संपत्ति की सुरक्षा के लिए भी सजग और सक्रिय है।

## प्रसंग सुरमाला 2 मई को



जबलपुर। प्रसंग संस्था के तत्वावधान में पुराने गीतों पर आधारित, नगर के गायक कलाकारों द्वारा प्रसंग सुरमाला का आयोजन 2 मई को संध्या 6~30 बजे से रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका में आयोजित किया गया है समस्त संगीत प्रेमी सादर आमंत्रित है

# आई टी पार्क में पट्टा वापस लेने के आदेश पर उच्च न्यायालय द्वारा यथा स्थिति का आदेश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्ष 2016 मैं प्रदेश आई टी कंपनियों को बढ़ावा देने एवं आई टी क्षेत्र में रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश, आईटी, आईटीईएस, और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति और योजना 2016 प्रारंभ की थी। उक्त योजना के अंतर्गत जबलपुर मैं बरगी हिल्स को आई टी पार्क चिह्नित किया गया था। मेसर्स टी.एस. सडीकार्पोरेशन वर्ष 2019 में आईटी यूनिट संचालन हेतु भूमि आवंटित करने हेतु आवेदन किया था, एवं मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा आवेदक को प्लॉट क्रमांक 1 आवंटित किया है। आवंटित प्लॉट पथरीला एवं समतल नहीं थी, परंतु मेसर्स टी.एस.डी_कार्पोरेशन द्वारा अपने कठिन प्रयासों से प्लॉट मैं कार्य प्रारंभ किया। कार्य के दौरान नजदीकी प्लॉट मालिक से सीमा संबंधी विवाद हो गया था, एवं मेसर्स टी.एस.डी_कारपोरेशन को सिवल न्यायालय की शरण लेनी पड़ी प्रकरण आज दिनांक तक लंबित है । इसी दौरान मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा दिनांक 10.01.2025 के द्वारा मेसर्स टी.ए. डी_कार्पोरेशन की लीस निरस्त कर दी, उक्त आदेश को पारित करते समय निगम द्वारा मेसर्स टी.एस. डी. कार्पोरेशन_के तर्कों पर विचार नहीं किया था। मेसर्स टी.एस.डी द्वारा आदेश दिनांक 10.01.2025 से व्यथित हो कर उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण लेनी पड़ी, जिसमें आज दिनांक 01.05.2025 माननीय प्रधान न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैथ एवं माननीय विवेक जैन साहब की युगल पीठ ने सुनवाई_माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अगली सुनवाई तक यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे एवं अक्षय खण्डेलवाल ने तर्क रखे।

## निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार आम नागरिकों को गर्मी से राहत प्रदान करने शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन चलाई जा रही है प्रतिदिन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के नागरिकों को गर्मी से राहत प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार लगातार शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशनी प्रतिदिन चलाई जा रही है।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए इस मौसम में गर्मी एवं डस्ट से आम नागरिकों, राहगीरों को राहत प्रदान करने की दिशा में शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन चलवाई जा रही है।

उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन पर शहर के विभिन्न चौराहों जिसमें तीन पत्ती, ब्लूम चौक, छोटीलाइन चौराहा, मालवीय चौक, प्रमुख चौराहों एवं कछपुरा ब्रिज के समीप में लोगो को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए निगम द्वारा ख़रीदी गई डिफ़ोगर मशीन प्रतिदिन दोपहर के समय में चलायी जा रही है जिससे लोगो को इस चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिल रही है। डिफोगर मशीन संचालन के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव एवं अन्य स्वास्थ्य अमला भी उपस्थित रहे।

# पी.एम. श्री रानी दुर्गावती विद्यालय में निःशुल्क जूडो शिविर का शुभारंभ





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन के शालेय शिक्षा विभाग, म. प्र. ओलंपिक संघ तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 मई से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पी.एम. श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंगानगर गढ़ा स्थित जूडो नोडल सेंटर में किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोहम्मद मुजाहिद खान, प्रभारी प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय गढ़ा द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सी. बी. श्रीवास्तव, उमेश सेन, आबिद हुसैन खान (वरिष्ठ जूडो कोच) उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता एस. एन. श्रीवास्तव, प्राचार्य, पी.एम. श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा ने की।

उपस्थित अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से पौधे दे कर किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य एस. एन. श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे नोडल सेंटर में आस-पास के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की छात्राएं प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक निःशुल्क जूडो प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। एस. एन. श्रीवास्तव ने आगे बताया कि शालेय जिला स्तरीय जूडो स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को शिक्षा विभाग द्वारा किट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नोडल सेंटर की जूडो कोच नौशीन अंजुम को बधाई दी तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती उदिता सक्सेना द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन मनीष कुमार दुबे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती दीपशिखा परोहा (क्रीड़ा प्रभारी), संतोष शर्मा, श्वेता हेडाऊ, नीता चौहान, सपना साहू, आभा जैन तथा राजेंद्र चौधरी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।



भोपाल (आरएनएस) सामान्य निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निःशुल्क कोचिंग तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आय की न्यूनतम सीमा को बढ़ाये जाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जायेगा। यह निर्णय सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री तथा मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया।



**मुख्यमंत्री ने उमरबन में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 2123 नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद-मुख्यमंत्री जनकल्याण ( संबल ) योजना में 27 हजार से अधिक हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए किए अंतरित**

# कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा पीएम मित्र पार्क से लाभ, 3 लाख रोजगार होंगे सृजित-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र से राज्य सरकार प्रदेश को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था है। जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके लिए केन-बेतवा लिंक और पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य श्री सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक श्री हीरालाल अलावा, विधायक श्री कालू सिंह ठाकुर ,श्रीमती रंजना बघेल, श्री चंचल पाटीदार, श्री सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरबन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आज उमरबन की धरती से प्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। कन्या विवाह योजना में बेटियों को प्रावधान के अनुसार 49 हजार का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में कल्याणी विवाह और अन्तर्जातीय विवाह करने पर राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह में गैर-जरूरी खर्च से बचा जाए और यह राशि परिवार और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी कार्यों पर खर्च किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों का भाई गरीब से गरीब की बेटी का विवाह कराएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना से जुड़ने वाले सभी परिवारों को मुश्किल समय में सहायता प्रदान करती है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का भी लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है। हमारी सरकार ने सभी आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में संकट या कोई कष्ट आएगा तो सरकार हर संभव सहायता करेगी। लाड़ली बहनों के खातों में भी हर महीने 1250 रुपए आते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1870 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं धार जिले के लिए 277 करोड़ के लागत से विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने प्रदेश के 85 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में 1704.94 करोड़ रुपए की राशि हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो परियोजनाओं के कार्य प्रदेश में समृद्धि लाएंगे। प्रदेश का सिंचाई रकबा 55 लाख हेक्टेयर हो चुका है, अब इसे 1 लाख करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य है। उमरबन के 1 लाख 3 हजार किसानों को भी नई सिंचाई परियोजना का लाभ मिलेगा। केंद्रीय महिला बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में केन्द्र की सभी कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में हो रहा है। धार जिले में हर खेत तक पानी पहुंचाने का कार्य हो रहा है। जनजातीय समुदाय के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ जनकल्याणकारी कार्यों में लगी है। नारी सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को स्व-सहायता समूह से जोड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की विकास प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन धार की ओर से प्रकाशित देवस्थानम पुस्तक का विमोचन भी किया।

## मंत्री सारंग ने द्वारका धाम में फिट इंडिया क्लब ओपन जिम'' का किया लोकार्पण




भोपाल (आरएनएस) खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड-75 द्वारका धाम में फिट इंडिया क्लब के तहत निर्मित ओपन जिम का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं युवा मौजूद रहे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ओपन जिम की स्थापना से क्षेत्रवासियों को निःशुल्क फिटनेस सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे व्यस्त जीवन में भी स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे सकें। कार्यक्रम के बाद बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने जिम उपकरणों का उत्साहपूर्वक उपयोग भी किया।

## लोक निर्माण मंत्री सिंह ने किया इंदौर जिला न्यायालय भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण

भोपाल-(आरएनएस) लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने बुधवार को इंदौर के पीपल्या हाना क्षेत्र में निर्माणाधीन जिला न्यायालय भवन का भौतिक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण में उन्होंने कार्य की वर्तमान प्रगति की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यह परियोजना शासन की प्राथमिकताओं में है तथा इसे तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जायें।

मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि भवन की ड्राइंग एवं डिजाइन में हो रही देरी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। सभी डिजाइन एवं ड्राइंग 7 मई तक आर्किटेक्ट से प्राप्त करें। अन्यथा अनुबंध समाप्ति की कार्रवाई की जाएं। उन्होंने निर्माण सामग्री के अनुमोदन में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि अप्रूवल में विलंब के कारण निर्माण कार्य में रुकावट आती है, तो संबंधित अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



मंत्री श्री सिंह ने पुनरीक्षित एस्टीमेट के अनुमोदन की प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा ठेकेदार के रनिंग बिलों के शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य की गति बनी रहे। मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इंदौर के मुख्य अभियंता (भवन) निर्माण कार्य की साप्ताहिक समीक्षा स्वयं करें और प्रमुख अभियंता के माध्यम से प्रत्येक सोमवार को निर्माण की प्रगति रिपोर्ट मंत्रालय को प्रस्तुत की जाएं। साथ ही इस रिपोर्ट की एक प्रति उनके विशेष सहायक को भी भेजी जाए।

मंत्री श्री सिंह ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि कम से कम 2 शिफ्टों में कार्य किया जाए और पर्याप्त मैन पॉवर तैनात रहे। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य की प्रगति का विश्लेषण साप्ताहिक आधार पर पर्ट चार्ट के माध्यम से करने के भी निर्देश दिए गए ताकि संभावित अवरोधों की पूर्व पहचान कर उनके निराकरण की योजना बनाई जा सके।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह द्वारा पहले ली गई बैठक में निर्देश दिए गए थे कि निर्माण कार्य को प्रतिदिन 3 शिफ्टों में संचालित किया जाए तथा कार्य की सतत निगरानी हेतु निर्माण स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही, निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रयोगशाला में सभी आवश्यक परीक्षण उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। परियोजना के लिए नियुक्त एसडीओ और सब-इंजीनियर को पूर्णकालिक रूप से केवल इसी कार्य पर तैनात रहने और किसी अन्य कार्य में संलग्न नहीं करने के भी निर्देश दिए गए थे।

निरीक्षण में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस आर बघेल, मुख्य अभियंता श्री सुरेंद्र राव गोरखेडे के साथ इंदौर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर कंसलटेंट एवं ठेकेदार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने शराब की होम डिलीवरी करने वाले को दबोचा

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में शराब की 'होम डिलीवरी' करने वाले को आबकारी विभाग ने पकड़ा है। वह पुराने लाइसेंसियों से कम कीमत पर ब्रांडेड शराब खरीदता और उसे ज्यादा कीमत पर होम डिलीवरी कर देता। जब उसके घर के किचन में जांच की गई तो तलघर नुमा जगह पर शराब की 142 बोतलें मिली।

सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया, शहर में एक तस्कर द्वारा शराब की होम डिलीवरी करने की सूचना मिली थी। इसके बाद 10 दिन से रैकी कर रहे थे। इसके बाद गोपाल नगर खजूरीकलां निवासी सुरेश पाटिल के घर पहुंचे। किचन से 116 लीटर यानी, 142 बोतल अंग्रेजी शराब मिली। अफसरों के अनुसार, शराब के अवैध कारोबार के साथ सुरेश के साथ कई लोग जुड़े हैं। इनमें घर-घर शराब पहुंचाने वाले भी शामिल हैं। उन्हें भी ढूंढ रहे हैं। ताकि, पता चल सके कि ये शराब कहां से लाई जा रही थी? गिरोह कितने साल से यह कर रहा था, ये भी पता लगा रहे हैं।

सहायक आबकारी आयुक्त धाकड़ ने बताया, 1 अप्रैल से भोपाल एवं आसपास के जिलों में ठेके बदले गए हैं। इस कारण साल 2024-25 के लाइसेंसियों ने स्टॉक में रखी शराब को कम कीमत पर बेच दिया। यह शराब सुरेश पाटिल खरीदता था और फिर उसे अपने साथियों के साथ होम डिलीवर कर देता था। जिससे उन्हें अच्छी कीमत मिल जाती थी। सुरेश के विरुद्ध पहले भी कई अपराध पंजीबद्ध है।

**दस्तावेज जांचे बगैर हुआ नामांतरण, फर्जी दस्तावेज से करवाई रजिस्ट्री**

## रतलाम निगम में फिर बड़ा घोटाला : 1 करोड़ का प्लॉट फर्जीवाड़े से बेचा, रिकॉर्ड भी गायब

रतलाम, आरएनएस। रतलाम नगर निगम की विकास शाखा एक बार फिर सवालों के घेरे में है। कस्तुरबा नगर योजना क्रमांक 35 के प्लॉट नंबर 386 का नामांतरण बिना रिकॉर्ड और दस्तावेज जांचे ही कर दिया गया। इतना ही नहीं, एक करोड़ से अधिक कीमत वाले इस प्लॉट की मूल फाइल भी अब नगर निगम कार्यालय से गायब हो गई है।

शिकायतकर्ता ने इस मामले को महापौर प्रहलाद पटेल, एसपी अमित कुमार और निगमायुक्त हिमांशु भट्ट तक पहुंचाया है। आरोप है कि कांग्रेस नेता रमेश शर्मा ने इस भूखंड पर फर्जी बद्रीलाल मालवीय बनाकर न केवल नामांतरण करवाया, बल्कि प्लॉट की रजिस्ट्री भी कर दी। यह प्लॉट 30 बाय 50 वर्गफीट यानी कुल 1500 वर्गफीट का है। 1 अगस्त 1981 को बद्रीलाल मालवीय पिता भेरूलाल मालवीय के नाम पर लीज पट्टा जारी किया गया था। लेकिन स्थान में कमी के चलते उन्हें बाद में दूसरा प्लॉट दे दिया गया था। रमेश शर्मा पर आरोप है कि उसने 6 अप्रैल 2018 को इस प्लॉट की लीज प्रति निकलवाई और फर्जी बद्रीलाल तैयार किया। फिर 26 मई 2018 को पट्टा गुम होने का शपथ पत्र बनवाया, जिसमें पहचानकर्ता के रूप में खुद रमेश शर्मा का नाम था।

**उसी दिन टैक्स जमा, फिर नामांतरण**

26 मई 2018 को ही रतलाम के स्टेशन रोड थाने में आवेदन देकर 18,471 रुपये संपत्ति कर भी भर दिया गया। रसीद पर भी रमेश शर्मा के हस्ताक्षर हैं। फिर 25 जुलाई 2018 को बद्रीलाल के नाम नामांतरण करवा लिया गया। इसके बाद 10 अक्टूबर 2022 को फिर नामांतरण का आवेदन दिया गया। अभिलेखों की अनुपस्थिति में फाइल का पुनर्निर्माण किया गया और 9 दिसंबर 2022 को नामांतरण फिर से हो गया। कुछ ही दिन बाद 15 दिसंबर को प्लॉट की रजिस्ट्री अर्पित शर्मा के नाम कर दी गई।

**लीज के लिए दिया था आवेदन, नहीं मिला जवाब**

24 अगस्त 2018 को लीज राशि भरने के लिए भी आवेदन दिया गया, लेकिन कर्मचारियों ने यह कहकर मना कर दिया कि लेजर में प्लॉट का उल्लेख नहीं है। फिर भी फर्जी दस्तावेजों से आगे की कार्रवाई की गई। सवाल यह हे कि मूल फाइल कहां गई? किसकी मिलीभगत से हुआ ये सब? पूरे मामले में निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत और लापरवाही साफनजर आ रही है। मूल फाइल का गायब होना, रिकॉर्ड के बिना नामांतरण और फर्जी रजिस्ट्री सब कुछ एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है।

## स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य शीघ्रता से करें

भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य एक निश्चित समय-सीमा का निर्धारण कर शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने वर्तमान में चल रही भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में यह निर्देश स्वास्थ्य, सामान्य प्रशासन विभाग और कर्मचारी चयन मण्डल के अधिकारियों की बैठक में दिये।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता होने पर नियमों में आवश्यक संशोधन करने और प्रक्रिया को सरल करने के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों को और सुविधा दिये जाने, विभाग के चतुर्थ श्रेणी अस्पताल सहायक के 1200 रिक्त पदों की पूर्ति के लिये परीक्षा प्रारूप और पाठ्यक्रम निर्धारण करने के भी निर्देश दिये गये।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बैठक में कहा कि 24 घंटे सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनके हित में बनने वाले प्रस्तावों को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर की जाये। स्वास्थ्य कर्मियों की बेहतरी के लिये प्रस्ताव तैयार करे।

## कामकाजी महिलाओं के छात्रावास निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान मुख्यमंत्री डॉ.यादव

भोपाल (आरएनएस)। बहन-बेटियों की पढ़ाई और रोजगार में सुगमता के लिए हर संभव की जा रही हैं व्यवस्थाएं,रोजगार और कारोबार के साथ-साथ परिवार भी जिम्मेदारी से संभाल रही हैं महिलाएं,मुख्यमंत्री ने उज्जैन में आयोजित महिला केंद्रित रोजगार पर्व का भोपाल से किया वर्चुअली शुभारंभ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के कुल स्टार्ट-अप में से 45 प्रतिशत से अधिक की मालकिन महिलाएं हैं। ड्रोन दीदी के रूप में स्वसहायता समूह की बहनें नई पहचान बना रही हैं। शासकीय नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण ने बहन-बेटियों को सफलता के नए पंख दिए हैं। प्रदेश में महिलाओं के नाम जमीन, दुकान और घर की रजिस्ट्री में अतरिक्त छूट मिल रही है, इससे बहनों के पास सम्पत्ति की शक्ति आई है। बहनों का मान तो बढ़ा ही है, घर के फैसलों में भी अब महिलाओं को महत्व मिल रहा है। यह सब संकेत समाज के सशक्त होने के संकेत हैं क्योंकि समाज का सशक्तिकरण महिलाओं में सशक्तिकरण के बिना अधूरा है। हम यदि अपने राज्य को प्रगति की राह पर आगे बढ़ता देखना चाहते हैं तो बहन-बेटियों को शिक्षा, उनके कौशल उन्नयन और उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कालिदास अकादमी, उज्जैन में सत्यज फाउंडेशन द्वारा आयोजित महिला केंद्रित रोजगार पर्व को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन-बेटियों को पढ़ाई और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हर संभव व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कामकाजी महिलाओं के छात्रावास निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास के लिए कुल 27 हजार 147 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित है। इसमें छह साल में जेंडर बजट का आकार दोगना हो गया है। व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई प्रकार की रियायतें प्रदान की गई हैं। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि बहन -बेटियां रोजगार और कारोबार में अपने सभी कार्य जिम्मेदारी से संपादित कर रही हैं

## जंबूरी दशहरा मैदान में हुआ सर्व समाज कन्या विवाह सम्मेलन राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने 108 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

भोपाल-(आरएनएस)पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहभागिता की और नवविवाहित जोड़ों को प्रेम, समर्पण और एक दूसरे के प्रति स्नेह, विश्वास से भरे जीवन की शुभकामनाएं दीं।



राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के जम्बूरी मैदान में सर्व समाज कन्या विवाह योजना के तहत 108 जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्य व समृद्धि का पावन पर्व अक्षय तृतीया आप सभी के जीवन में उन्नति, संपन्नता और प्रसन्नता लेकर आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के गरीब परिवारों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए हमारी सरकार निरंतर अच्छा करने का प्रयास कर रही है। ऐसे परिवार जो आर्थिक कठिनाई के कारण से बेटे-बेटियों के विवाह संपन्न नहीं कर पा रहे थे, हमारी सरकार ने ऐसे परिवारों का सहारा बनने का संकल्प लिया है।

महापौर श्रीमती मालती राय, श्री विनोद कुमार साहू, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती छाया ठाकुर, श्रीमती उर्मिला मौर्य, श्री संतोष ग्वाला, श्री शिवलाल मकोरिया, श्री मनोज विश्वकर्मा, श्री संजय शिवनानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नवविवाहित जोड़ों के परिजन इस अवसर पर मौजूद थे।

### ''महापौर हेल्प लाईन'' पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निदान सुनिश्चित करें

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय ने ''महापौर हेल्प लाईन'' की समीक्षा करते हुए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि ''महापौर हेल्प लाईन'' के माध्यम से प्राप्त नागरिकों की शिकायतों/समस्याओं का त्वरित निदान सुनिष्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान राय ने निगम अधिकारियों से लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की साथ ही अनेक षिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर वार्तालाप कर फीडबैक भी लिया। महापौर राय को इस दौरान अवगत कराया गया

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## हिन्दी भाषा को मंजूरी नहीं

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे का कहना है कि उनका दल महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा को अनिवार्य बनाने के कदम को मंजूरी नहीं देगा। राज्य सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप पहली कक्षा से पांचवीं तक छात्रा के लिए हिन्दी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले के मद्देनजर उनकी यह टिप्पणी आई है। उद्धव ने शिव सेना की श्रमिक शाखा के कार्यक्रम में कहा कि उनके दल को हिन्दी से परहेज नहीं है पर इसे छात्रों पर नहीं थोपा जा सकता। पिछले दिनों हिन्दीभाषी बैंककर्मी के साथ हाथापाई की घटना के अतिरिक्त मुंबई में लगातार शिवसैनिकों द्वारा भाषाई विरोध हो रहा है।

इससे पहले भी उत्तर भारत से बाहर के राज्यों द्वारा हिन्दी थोपे जाने के खिलाफ विपक्ष मुखर होता रहता है। भाषा को लेकर झगड़ा नया नहीं है परंतु इसका मकसद राजनीतिक प्रतीत होता है। देश के आधे से अधिक नागरिक हिन्दी को बोलचाल की भाषा की तरह प्रयोग करते हैं। यह देश की सबसे ज्यादा बोली भाषा भी है। केवल 26 प्रतिशत लोगों की मातृ भाषा होने के बावजूद हिन्दी का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 69 करोड़ बताई जाती है, जो कुल जनसंख्या का 57 प्रतिशत है। हालांकि अपने यहां हिन्दी में 56 मातृ भाषाएं संबद्ध हैं। देश भर को एक सूत्र में लपेटने वाला सिनेमा, टीवी धारावाहिक, विज्ञापन और गाने सब हिन्दी में ही मुंबई शहर में बनाए जाते हैं जिनके भरोसे रोजी-रोटी कमाने वालों में हर भाषा, वर्ग और राज्यनिवासियों का सहयोग होता है। मराठी की मूल लिपि कोंकणी होने के बावजूद आज वह देवनागरी में ही लिखी जा रही है।

# वैश्विक जगत भारत के साथ वहीं भारत के विरोधी दल देश के गुनाहगारों के साथ

कश्मीर घाटी के पहलगाम हमले में 26 निहत्थे निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर और कलमा न पढ़ पाने पर की गई नृशंस हत्याओं के बाद, देश में आतंकवाद के खिलाफ भीषण आक्रोश है। देश का जन जन पाकिस्तान से बदला लेने के लिए तड़प रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले बिहार की मधुबनी रैली में और फिर 卐मन की बात卐 रेडियो कार्यक्रम में देश को विश्वास दिलाया है कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा तथा पाकिस्तान को ऐसा दंड दिया जाएगा जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी। आतंकवादी घटनाओं के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि देश के गृहमंत्री तुरंत अपने सभी कार्यक्रम रद्द करके घटनास्थल पहुंचे और पीड़ितों के साथ खड़े रहे। इस घटना के बाद से भारत के आतंकवाद से निपटने के निर्णय को विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अपना पूरा समर्थन दिया है। लगभग पूरा वैश्विक समुदाय संकट की इस घड़ी में भारत के साथ खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है।

भारत के विरोधी दलों की स्थिति इसके पूर्णतया विपरीत है। भारत सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तो विपक्ष ने सरकार का साथ देते हुए पहलगाम हमले की निंदा की तथा सरकार के निर्णयों का पूर्ण समर्थन देने की बात की किन्तु कुछ ही घंटों में इनके तेवर बदल गए और ये वापस अपनी तुष्टीकरण की राजनीति में लग गए। स्वाभाविक रूप से इनके पाकिस्तान परस्त एजेंडा का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है जिसने अपनी सोशल मीडिया टीम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अत्यंत निंदनीय कैम्पेन आरम्भ किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक ताजा मीम में प्रधानमंत्री का शीर्ष रहित स्केच दिखाया गया है। कांग्रेस सहित विपक्ष के सभी नेता और प्रवक्ता टीवी चैनलों तथा सार्वजनिक मंचों पर जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे स्पष्ट है इनको देश से कोई मतलब नहीं है बस अपने वोट बैंक को खुश करना है भले ही देश की सुरक्षा को दांव पर क्यों न लगाना पड़े।

आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ताओं की बयानबाजी कर रहे हैं इन नेताओं के गिरे हुए स्तर का प्रमाण है। पाकिस्तानी माडिया व यूटूबूर्स विरोधी दलों के इन्हीं नेताओं के बयानों को आधार मानकर भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा चला रहा है। सबसे पहले गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जिस पर आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है उसने आपत्तिजनक बयान दिया फिर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जो मुस्लिम तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति में गले तक फंसे हैं ने कहा कि इस समय पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई आवश्यकता नही है।

कर्नाटक सरकार के ही एक मंत्री ने कहा कि आतंकियो ने धर्म पूछ कर हत्याएं नहीं की हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और विधायक विजय वडेटटीवार ने पीड़ितों की गवाही पर ही प्रश्न खड़े कर दिए। उनका कहना है कि क्या आतंकवादियों के पास लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म पूछने का समय होता है। उनसे पहले बिलकुल यही टिप्पणी कर्नाटक के मंत्री आरबी थिम्मापुर ने की थी। जब जनता में इन विधायकों के खिलाफ आक्रोष बढ़ा तब ये अपने बयान से पलट गए। उधर कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज अनगर्ल बयानबाजी कर चुके हैं। कांग्रेस का पूरा आईटी सेल अपनी गालीबाज प्रवक्ता के नेतृत्व में अनर्गल प्रलाप कर रहा है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी मुखिया अखिलेश यादव को राज्य में मुस्लिम तुष्टिकरण और पीडीए राजनीति की चिंता है और यही कारण है कि वे कहते हैं कानपुर के शहीद शुभम द्विवेदी के परिवार से उनका कोई संबंध नहीं है और उनके घर जाने का उनके पास समय नहीं हैं। वहीं सरकार को घेरने के लिए वो बलिदानियों को 10-10 करोड़ का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं और भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। स्मरणीय है कि ये यह वही अखिलेश यादव हैं जो माफिया मुख्तार और अतीक अहमद के घर जाकर मर्सिया पढ़ते हैं। यह वही अखिलेश यादव हैं जिन्होंने 2012 से 2017 के मध्य संविधान को दरकिनार रखते हुए आतंकवादियां की रिहाई का हरसंभव प्रयास किया था।

यही नहीं भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने पहलगाम की दुखद घटना की निंदा तो नहीं की लेकिन जब भारत सरकार ने सिंधु नदी जल समझौता स्थगित किया तब उसके पेट में दर्द होने लगा । ज्ञातव्य है कि पाकिस्तानी नागरिकों को सीमा पर छोड़ने वाली एक गाड़ी पर इनकी यूनियन का नाम लिखा था। टिकैत ने यहां तक कह दिया कि पहलगाम के आतंकी सीमा पार नहीं सब यहीं पर छुपे हुए हैं। स्पष्ट है टिकैत पाकिस्तानी मीडिया का नायक बनना चाहता है, लेकिन क्यों? पाकिस्तान टीवी पर भारत के विरोधी दलों के नेताओं के बयान चल रहे हैं। पाकिस्तान के बड़े एक्स अकाउंट इनको कोट रहे हैं। आज देश कांग्रेस से सवाल पूछ रहा है कि उनके और पाकिस्तानी मंत्रियों के बयानों में इतनी समानता क्यों हैं? अचानक सिद्धारमैया सहित कांग्रेस व विरोधी दलों के नेता पाकिस्तानी मीडिया के प्रिय बन गये हैं। ये लोग जो अभी सर्वदलीय बैठक में सरकार के साथ होने का मुखौटा लगे थे इनका मुखौटा देश के जनमानस के समक्ष उतर चुका है।

## बिहार के खेल 'वैभव' से दुनिया हो रही परिचित

देश में आईपीएल का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। हो भी क्यों ना....खेलों को लेकर भारतीयों में जबरदस्त क्रेज जो दिखता है। हाल ही में आईपीएल मैचों में कुछ ऐसा हुआ जिसकी उम्मीद क्रिकेट के दिग्गजों तक ने भी नहीं की थी। बिहार के 14 वर्षीय लाल 'वैभव सूर्यवंशी' ने सबसे तेज शतक जड़ा। दिग्गज क्रिकेटर भी वैभव में भारत का भविष्य देख रहे हैं, वहीं अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'थैंक्स' लिखा। इस थैंक्स के नितांत गंभीर मायने हैं। वैभव के पिता भी बार बार बिहार क्रिकेट संघ का बखान करते नहीं थक रहे, जिसने बहुत कम उम्र में वैभव को बिहार से खेलने का मौका दिया। वैभव की सफलता की कहानी दरअसल 'नव बिहार' के विहान की भी कहानी है। कभी जंगलराज, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, दंगों के लिए बदनाम रहने वाला बिहार आज ना केवल खेलों में परचम लहरा रहा है बल्कि अपनी आर्थिक तरक्की से चर्चा के केंद्रबिंदू में बना हुआ है। बिहार आज देश के सबसे तेजी से विकास कर रहे राज्यों में दूसरे स्थान पर है। राज्य की अर्थव्यवस्था 14.50 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 66,828 रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। आईपीएल में वैभव ने बिहार की खेल प्रतिभा का दमखम तो दिखा ही दिया। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बिहार देश के खेल हब के रूप में अपनी एक नई पहचान गढ़ रहा है। चंद दिनों बाद बिहार में पहली बार खेलों के महाकुंभ यानी 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' आयोजित होंगे। बिहार की धरती पर 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 8500 खिलाड़ी जीत हार के लिए भिड़ेंगे। इस आयोजन के बहाने राज्य सरकार पांच शहरों पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगुसराय में खेलों के बुनियादी ढांचे को दुरूस्त कर रही है। लेकिन यह भी कम दिलचस्प नहीं कि बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन से पहले ही दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गए।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है

हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मई महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस को मई दिवस भी कहकर बुलाया जाता है। अमेरिका में 1886 में जब मजदूर संगठनों द्वारा एक शिफ्ट में काम करने की अधिकतम सीमा 8 घंटे करने के लिए हड़ताल की जा रही थी। इस हड़ताल के दौरान एक अज्ञात शख्स ने शिकागो की हेय मार्केट में बम फोड़ दिया, इसी दौरान पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चला दीं, जिसमें 7 मजदूरों की मौत हो गयी। इस घटना के कुछ समय बाद ही अमेरिका ने मजदूरों के एक शिफ्ट में काम करने की अधिकतम सीमा 8 घंटे निश्चित कर दी थी। तभी से अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई को मनाया जाता है। इसे मनाने की शुरुआत शिकागो में ही 1886 से की गयी थी। मौजूदा समय में भारत सहित विश्व के अधिकतर देशों में मजदूरों के 8 घंटे काम करने का संबंधित कानून बना हुआ है। अगर भारत की बात की जाए तो भारत में मजदूर दिवस के मनाने की शुरुआत चेन्नई में 1 मई 1923 से हुई। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है। किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए श्रमिकों का समाज में अपना ही एक स्थान है। लेकिन आज भी देश में मजदूरों के साथ अन्याय और उनका शोषण होता है। आज भारत देश में बेशक मजदूरों के 8 घंटे काम करने का संबंधित कानून लागू हो लेकिन इसका पालन सिर्फ सरकारी कार्यालय ही करते हैं, बल्कि देश में अधिकतर प्राइवेट कंपनियां या फैक्ट्रियां अब भी अपने यहां काम करने वालों से 12 घंटे तक काम कराते हैं। जो कि एक प्रकार से मजदूरों का शोषण हैं। आज जरूरत है कि सरकार को इस दिशा में एक प्रभावी कानून बनाना चाहिए और उसका सख्ती से पालन कराना चाहिए। भारत देश में मजदूरों की मजदूरी के बारे में बात की जाए तो यह भी एक बहुत बड़ी समस्या है, आज भी देश में कम मजदूरी पर मजदूरों से काम कराया जाता है। यह भी मजदूरों का एक प्रकार से शोषण है। आज भी मजदूरों से फैक्ट्रियों या प्राइवेट कंपनियों द्वारा पूरा काम लिया जाता है लेकिन उन्हें मजदूरी के नाम पर बहुत कम मजदूरी पकड़ा दी जाती है। जिससे मजदूरों को अपने परिवार का खर्चा चलाना मुश्किल हो जाता है।

पैसों के अभाव से मजदूर के बच्चों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है। भारत में अशिक्षा का एक कारण मजदूरों को कम मजदूरी दिया जाना भी है। आज भी देश में ऐसे मजदूर है जो 1500-2000 मासिक मजदूरी पर काम कर रहे हैं। यह एक प्रकार से मानवता का उपहास है। बेशक इसको लेकर देश में विभिन्न राज्य सरकारों ने न्यूनतम मजदूरी के नियम लागू किये हैं, लेकिन इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन होता है और इस दिशा में सरकारों द्वारा भी कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता और न ही कोई कार्यवाही की जाती है।

## जलवायु संकट की चुप्पी में दबी औरतों की पुकार

जब हम जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं, तो चर्चा अक्सर पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्र तल और बदलते मौसम चक्रों तक सिमट जाती है. परंतु इसके मानवीय चेहरे - विशेष रूप से ग्रामीण भारतीय महिलाओं के चेहरों - को अक्सर भुला दिया जाता है. 2025 की बीजिंग इंडिया रिपोर्ट एक बार फिर यह स्पष्ट करती है कि जलवायु संकट कोई जेंडर न्यूट्रल आपदा नहीं है. इसके प्रभाव गहरे, असमान और स्त्री-विरोधी हैं. भारत की करोड़ों ग्रामीण महिलाएं पहले से ही संसाधनों की कमी, सामाजिक सीमाओं और अवैतनिक घरेलू जिम्मेदारियों के बोझ तले दबी हुई हैं. जलवायु परिवर्तन इस बोझ को और भारी बना देता है - कभी सूखा बनकर, कभी बाढ़ बनकर, तो कभी धीमे-धीमे कुपोषण और थकावट के ज़हरीले मिलन के रूप में. बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट न केवल महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को गिरा रहा है, बल्कि उन्हें उनकी जैविक, सामाजिक और आर्थिक गरिमा से भी वंचित कर रहा है. ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही सीमित हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन से उपजा पोषण संकट और गर्मी का तनाव उनके प्रजनन और मातृ स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है. रिपोर्ट के अनुसार, लगातार डिहाइड्रेशन और एनीमिया के कारण महिलाओं में समय से पहले हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय-उच्छेदन) के मामले बढ़े हैं.

## पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरू

डॉ. अनन्या अवस्थी

यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि सामुदायिक सशक्तिकरण के एक नये चरण की शुरु आत करता है, जिससे नागरिकों के हाथों में सीधे कार्ययोग्य पोषण डेटा उपलब्ध होता है। राष्ट्रीय पोषण नीति ढांचे उर्फ पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरू की गई यह नई सुविधा लंबे समय से चली आ रही चुनौती का समाधान करती है= आंगनवाड़ी कायरे में समुदाय का कमजोर स्वामित्व, जिसने अक्सर देश भर में पोषण हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। पोषण ट्रैकर मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग पहले से ही हर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण और बच्चों की देखभाल सेवाओं के वितरण पर वास्तविक समय डेटा प्रदान करने के लिए किया जाता है, अब इसकी पहुंच उन लोगों तक हो गई है, जिन्हें यह सेवा प्रदान करना चाहता है। यह विशेष मॉड्यूल आपको अपने स्थान के सबसे नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र का पता लगाने में सक्षम बनाता है और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, 6 वर्ष तक के बच्चों और किशोरियों के लिए स्व-पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। महिला लाभार्थी गर्भावस्था के तिमाही, एनीमिया की स्थिति, गर्भावस्था के दौरान वजन बढ़ने को रिकॉर्ड करने और टेक-होम राशन (टीएचआर) और गर्म पके हुए भोजन (एचसीएम) की प्राप्ति पर नजर रखने सहित अपने सेवा इतिहास की निगरानी करने के लिए इस मॉड्यूल का उपयोग कर सकती हैं। माता-पिता और देखभाल करने वाले भी अपने बच्चे की लंबाई और वजन की सक्रिय रूप से निगरानी करने, यह जांचने के लिए कि क्या वे विकास संबंधी क्षमताओं को प्राप्त कर रहे हैं, और टीएचआर और एचसीएम के लिए पात्रता सत्यापित करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक यह है कि यह लाभार्थियों को आंगनवाड़ी सेवाओं की अपर्याप्त प्राप्ति से संबंधित शिकायतों के निवारण की मांग करने का अधिकार देता है। उदाहरण के लिए, स्तनपान कराने वाली मां, उसका पति या परिवार का कोई भी सदस्य अब टीएचआर न मिलने या स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं, जैसे अनियमित रूप से खुलने या बुनियादी ढांचे की कमी जैसी समस्याओं की रिपोर्ट कर सकता है। पोषण ट्रैकर का लाभार्थी मॉड्यूल अपने लाभार्थियों के साथ सीधा संबंध स्थापित करके पोषण ट्रैकर को इंटरैक्टिव, नागरिक-केंद्रित, डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य और पोषण प्रणाली के लिए एक बेंचमार्क में बदलने के लिए कई आशाजनक रास्ते खोलता है। मॉड्यूल के लिए विचार करने के लिए चार आशाजनक भविष्य की दिशाएं हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत में स्मार्टफोन के व्यापक उपयोग का लाभ उठाते हुए,

## भोले बाबा की बारात हिमाचल नगर में जैसे प्रवेश की तो हिमाचल वासी उत्साह, प्रेम व जिज्ञासा से भर गए

भगवान शंकर की बारात हिमाचल की ओर बढ़ चली। संसार में ऐसी विचित्र बारात न तो इतिहास में, इससे पूर्व कभी हुई थी, और न ही शायद आज के पश्चात कभी हो। इधर हिमाचल ने भी धरा का कोई कोना ऐसा नहीं छोड़ा था, जहाँ अपनी पुत्री के विवाह का निमंत्रण न भेजा हो-

जगत में जितने छोटे-बड़े पर्वत थे, जिनका वर्णन करके पार नहीं मिलता तथा जितने वन, समुद्र, नदियाँ और तालाब थे, हिमाचल ने सबको नेवता भेजा। सभी बारती मार्ग में भाँति-भाँति के कोतुहल करते हुए बारात की शोभा बढ़ाते हुए चल रहे थे। बारात में कोई नाच रहा है, कोई गा रहा है, तो कोई अन्य करतब दिखा रहा है। हिमाचल ने जहाँ-जहाँ निमँत्रण भेजे हैं, वे सब विभिन्न प्रकार के रुप धारण करने वाले हैं। वे इच्छानुसार सुंदर सरीर धारण कर, सुंदर स्त्रियों व समाजों सहित हिमाचल के घर पधारे हुए हैं। सभी स्नेह सहित मंगल गीत गा रहे हैं। हिमाचल ने पहले से ही बहुत से घर सजवा रखे हैं। अपने-अपने योग्य घर जान, सब उन स्थानों पर जा पहुँचे। हिमाचल नगरी ऐसी सुंदर सजी थी, कि ब्रह्मा की रचना चातुरी भी, उसके समक्ष तुच्छ प्रतीत हो रही थी। नगर की शोभा देखकर तीनों लोकों में चर्चायों का बाजार गर्म था।

# रेसिप्रोकल टैरिफ नीति से वैश्विक अर्थव्यवस्था हिला

विनीत नारायण

वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद का दौर एक बार फिर से उभर रहा है। अप्रैल, 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) नीति ने वैंकि अर्थव्यवस्था को हिला दिया है। यह नीति अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम भारत और विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहे हैं। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अरुण कुमार इस नीति के प्रभावों का विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति को पारस्परिक करार देते हुए कहा है कि यह अन्य देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं (जैसे मुद्रा हेरफेर और नियामक अंतर) के जवाब में उठाया गया कड़ा कदम है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 52= का प्रभावी टैरिफ लगाता है, जिसके जवाब में भारत से आयात पर 27= का टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, इस गणना की सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं। समिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने व्यापार घाटे और आयात मूल्य के आधार पर टैरिफ दरें तय कीं जो विश्व व्यापार संगठन के डेटा से मेल नहीं खातीं। भारत का अमेरिकी वस्तुओं पर औसत टैरिफ दर 2023 में केवल 9.6= था, जो अमेरिकी दावों से काफी कम है। इस नीति में दो स्तर के टैरिफ शामिल हैं= 5 अप्रैल से सभी देशों पर 10= का आधारभूत टैरिफ और 9 अप्रैल से देश-विशिष्ट टैरिफ। कुछ वस्तुओं जैसे फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा उत्पादों को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे भारत के कुछ क्षेत्रों को राहत मिली है।

भारत, जो अमेरिका का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, 2024 में 80.7 बिलियन डलर का माल अमेरिका को निर्यात करता था। 27= टैरिफ से भारत के कई क्षेत्र प्रभावित होंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिल सकता है। प्रो. अरुण कुमार के अनुसार, इस नीति का प्रभाव अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों रूपों में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत के 14 बिलियन डलर के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और 9 बिलियन डलर के र प्रतिशत-आभूषण निर्यात पर टैरिफ का भारी असर पड़ेगा। ये क्षेत्र अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं और लागत में वृद्धि से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है। इसके साथ ही मछली, झींगा और प्रसंस्कृत समुद्री खाद्य उद्योग, जो 2.58 बिलियन डलर का है, पर 27.83= का टैरिफ अंतर भारत की प्रतिस्पर्धा को कम करेगा खासकर जब पहले से ही अमेरिका में एंटी-डंपिंग शुल्क लागू हैं। भारतीय वस्त्र उद्योग को मिश्रित प्रभाव का सामना करना पड़ेगा। हालांकि भारत पर टैरिफ वियतनाम (46=) और बांग्लादेश (37=) की तुलना में कम है, फिर भी बाजार और मुनाफे में कमी का जोखिम बना रहेगा। वहीं भारत के 9 बिलियन डलर के फार्मास्यूटिकल निर्यात को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे इस क्षेत्र को राहत मिली है। भारतीय फार्मा कंपनियों के शेयरों में 5= की वृद्धि देखी गई। हालांकि सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रत्यक्ष रूप से टैरिफ से प्रभावित नहीं हैं, लेकिन वीजा प्रतिबंध और व्यापार तनाव भारतीय आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस और इन्फोसिस के लिए चुनौतियां पैदा कर सकते हैं।

प्रो. कुमार का मानना है कि भारत को कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, क्योंकि चीन और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर अधिक टैरिफ लगाए गए हैं। उदाहरण के लिए परिधान और जूते जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। टैरिफ के कारण भारत के निर्यात में 30-33 बिलियन डलर की कमी आ सकती है। अर्थशास्त्रियों ने भारत की 2025-26 की विकास दर को 20-40 आधार पर कम करके 6.1= कर दिया है। हालांकि, भारत सरकार का दावा है कि तेल की कीमतें 70 डलर प्रति बैरल से नीचे रहती हैं, तो 6.3-6.8= की विकास दर हासिल की जा सकती है।अमेरिकी टैरिफ नीति का वैंकि अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। प्रो. कुमार के अनुसार, यह नीति वैश्विक व्यापार प्रणाली में 1930 के स्मूट-हले टैरिफ एक्ट के समान व्यवधान पैदा कर सकती है। टैरिफ से वैंकि व्यापार की गति धीमी होगी, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होगा। जेपी मार्गन ने चेतावनी दी है कि यदि यही टैरिफ नीति लागू रहती है, तो अमेरिका और वैंकि अर्थव्यवस्था मंदी में आ सकती है। इससे आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। बोस्टन फेडरल रिजर्व बैंक का अनुमान है कि टैरिफ से कोर पीसीई मुद्रास्फीति में 0.5-2.2= की वृद्धि हो सकती है। वैंकि शेयर बाजारों में गिरावट और मुद्रा अस्थिरता पहले ही देखी जा चुकी है। चीन, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ की घोषणा की है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इससे आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होंगी और व्यवसायों को लागत बढ़ने का सामना करना पड़ेगा। कम प्रति व्यक्ति आय वाले देश जैसे कंबोडिया (50= टैरिफ) सबसे अधिक प्रभावित होंगे। इससे अमेरिका की विकासशील देशों में साख को नुकसान हो सकता है। प्रो. कुमार का सुझाव है कि भारत को इस संकट को अवसर में बदलने के लिए रणनीतिक कदम उठाने चाहिए। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर तेजी से काम करना चाहिए। 23 बिलियन डॉलर के अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करना एक शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय संघ, आसियान और मध्य-पूर्व जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान देना चाहिए। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को तेज करना महत्त्वपूर्ण होगा। घरेलू उत्पादन और खपत को बढ़ावा देना चाहिए। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए सब्सिडी, कर राहत और निर्यात प्रोत्साहन जैसी योजनाओं को लागू करना चाहिए। अमेरिकी टैरिफ नीति ने वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता का माहौल पैदा किया है। भारत के लिए यह चुनौती होने के साथ-साथ अवसर भी है। भारत रणनीतिक रूप से कार्य करे, तो न केवल इन टैरिफों के नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकता है, बल्कि वैंकि आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को भी मजबूत कर सकता है। दीर्घकालिक दृष्टिकोण और सुधारों के साथ, भारत इस संकट को एक नये आर्थिक युग की शुरुआत में बदल सकता है।

# -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि = आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं।

वृष राशि = आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नई बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

मिथुन राशि = आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी।

कर्क राशि = आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं

सिंह राशि = आज का दिन उत्साह भरा होगा। इस राशि के लोगों को अपने विरोधियों से जीत हासिल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

कन्या राशि = आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल बेहतर होगा। साथ ही दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं।

तुला राशि = आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक राशि= आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी।

धनु राशि = आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे।

मकर राशि = आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

कुंभ राशि = आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे।

मीन राशि = आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा।



अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की और जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की दुखद क्षति के लिए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। सचिव हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता में खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के मजबूत समर्थन को दोहराया। बातचीत के दौरान, रक्षा मंत्री ने अमेरिकी रक्षा सचिव को बताया कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्त पोषण करने का इतिहास रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक समुदाय के लिए आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों की स्पष्ट और स्पष्ट रूप से निंदा करना और उन्हें उजागर करना महत्वपूर्ण है।



# 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार आधुनिक बनाई जा रही देश की शिक्षा प्रणाली : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित युग्म कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज यहां सरकार, एकेडमी, साइंस और रिसर्च से जुड़े भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। इस एकजुटता को ही युग्म कहते हैं। एक ऐसा युग्म जिसमें विकसित भारत के फ्यूचर टेक से जुड़े स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं। मुझे विश्वास है, हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है, इसलिए उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना बहुत जरूरी है। इसमें शिक्षा की अहम भूमिका है। इसलिए हम 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बना रहे हैं। नई शिक्षा नीति इस बदलाव को आगे बढ़ा रही है। देश में नई नई शिक्षा नीति लाई गई है। इसे शिक्षा के वैश्विक मानक को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नई शिक्षा नीति आने के बाद हम भारतीय एजुकेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव भी देख रहे हैं। कक्षा 1 से 7 तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकें तैयार हो चुकी हैं। पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफॉर्म जैसी पहल पूरे देश में एकीकृत शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही हैं। इस परिवर्तन का समर्थन करने के लिए एआई द्वारा संचालित एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश के एजुकेशन सिस्टम की भी होती है, इसलिए हम देश के एजुकेशन सिस्टम को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए, भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। हमने इस दिशा में लगातार काम किया है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि दीक्षा मंच के तहत वन नेशन, वन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है। ये इंफ्रास्ट्रक्चर एआई आधारित है। इसका उपयोग कई देशों में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने में किया जा रहा है। वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन ने युवाओं को ये भरोसा दिया है कि सरकार उनकी जरूरतों को समझती है। आज इस योजना की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों तक विश्व स्तरीय शोध पत्रिकाओं तक पहुंचना आसान हो गया है। भारत के विश्वविद्यालय परिसर आज नए गतिशील केंद्र बन रहे हैं। ऐसे केंद्र, जहां युवा शक्ति सफलता के नवाचारों को बढ़ावा दे रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारतीय युवाओं को किसी भी तरह की बाधा का सामना न करना पड़े, प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप की स्थापना की गई है। हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं।

अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध का समय है और ऐसे समय में आपसी मतभेद नहीं उठाने चाहिए। विज ने देशवासियों से एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े होने का आह्वान किया। पत्रकारों से बात करते हुए विज ने कहा,



भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में पाकिस्तान उ%चायोग के पास पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



जयपुर में संविधान बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस नेता सचिन पायलट.

## हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, अब एलओसी पर कुपवाड़ा और बारामुला में की फायरिंग; सेना ने दिया जवाब

श्रीनगर (आरएनएस)। पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर से लगी नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। पाकिस्तानी सेना द्वारा यहां नियंत्रण रेखा के उस पार से गोलीबारी की गई है। सेना के मुताबिक 28-29 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामुला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार से बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने इस उकसावे का जवाब संतुलित और प्रभावी तरीके से दिया।

इससे पहले 27-28 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के पार से गोलाबारी की थी। पाकिस्तानी सेना द्वारा यह फायरिंग बिना किसी उकसावे के की जा रही है। मंगलवार को जहां कुपवाड़ा और बारामुला व अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के उस पार से फायरिंग की गई है, वहीं बीते दिन कुपवाड़ा और पुंछ के सीमावर्ती इलाकों में फायरिंग की गई थी। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शुक्रवार से ही पाकिस्तानी सैन्य चौकियों से फायरिंग की जा रही है।

26-27 अप्रैल की रात को पाकिस्तान की सैन्य चौकियों से तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के इलाकों में गोलीबारी की गई थी, जिसका सेना ने माकूल जवाब दिया था। पाकिस्तान की सैन्य चौकियों से पिछले 5 दिनों से फायरिंग की जा रही है। नियंत्रण रेखा के उस ओर से पाकिस्तानी सेना गोलीबारी कर रही है। हर बार भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। दरअसल, भारत आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। आतंकवादियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई से पाकिस्तान परेशान है और इसी झल्लाहट में वह नियंत्रण रेखा पर फायरिंग कर रहा है। भारतीय सेनाओं की बढ़ती शक्ति से भी पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है।

इस बीच, सोमवार को नई दिल्ली में भारत और फ्रांस के बीच राफेल मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा हुआ। यह सौदा ऐसे समय में हुआ है जब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है, जिसके चलते पाकिस्तान काफी बेचैन है। राफेल मरीन विमानों की खरीद के लिए यह सरकार-से-सरकार की डील है। इस डील के तहत फ्रांस द्वारा भारतीय नौसेना को मरीन (एम) श्रेणी के 26 राफेल लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। तय सौदे के मुताबिक भारतीय नौसेना को फ्रांस द्वारा 26 राफेल मरीन फाइटर जेट की डिलीवरी दी जाएगी। इनमें से 22 फाइटर जेट सिंगल-सीटर होंगे। नौसेना को चार ट्विन-सीटर वेरिएंट के ट्रेनिंग राफेल विमानों की डिलीवरी भी की जाएगी। ये विमान ट्रेनिंग के लिए भी उड़ान भरेंगे।

नई दिल्ली (आरएनएस)। गुजरात पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद से 1000 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, अब पुलिस ने चंदोला झील के पास बनी बांग्लादेशी बस्ती पर धावा बोल दिया है। एएमसी ने इस अभियान के तहत चंदोला झील के पास अवैध बस्तियों को ध्वस्त कर दिया।

## पहलगाम हमले पर बुलाया जाए संसद का विशेष सत्र', राहुल गांधी और खरगे ने पीएम मोदी को भेजा पत्र

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में दहशत का माहौल है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आतंकी हमले पर चर्चा करने का अनुरोध किया। साथ ही पत्र में संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया गया है। पिछले हफ्ते हुए आतंकी हमले के बाद से विपक्ष के कई सांसदों ने सरकार से ऐसी मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में आगे कहा गया,

'इस समय में एकता और एकजुटता जरूरी है, इस महत्वपूर्ण समय में भारत को यह दिखाना होगा कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट हैं।'खरगे के मुताबिक, संसद का विशेष सत्र बुलाकर सभी 22 अप्रैल को निर्दोष नागरिकों पर पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन करेंगे। हमें उम्मीद है कि सत्र तदनुसार बुलाया जाएगा। कांग्रेस के संचार प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार सुबह पत्र जारी किया।

राहुल गांधी ने भी पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने लिखा, 'प्रिय प्रधानमंत्री जी, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने हर भारतीय को झकझोर कर रख दिया है।



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 10 जनपथ, नई दिल्ली में प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की।

## पहलगाम अटैक पर बड़ा खुलासा, पाकिस्तानी सेना से जुड़े हैं तार; हमला करने वाला आतंकी पहले था एसडीजी कमांडो

नई दिल्ली(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच में पता चला है कि हमले में शामिल एक पाकिस्तानी आतंकवादी का संबंध पाकिस्तानी सेना से रहा है। पहलगाम नरसंहार में शामिल इस आतंकी की पहचान हाशिम मूसा के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप (स्स्त्र) का पूर्व पैरा कमांडो था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाशिम मूसा को पाकिस्तानी सेना द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया था और उसे अब आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया। सूत्रों का कहना है कि मूसा का मिशन स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों पर हमले कर दहशत फैलाना था।हालांकि, भारतीय सेना या सरकार की ओर से इस बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। जांचकर्ताओं का मानना है कि पाकिस्तान की स्पेशल फोर्सेज और आतंकी संगठनों के बीच गठजोड़ के चलते इस हमले को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है।

# स्पाईवेयर के इस्तेमाल में गलत क्या है?' पेगासस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेगासस स्पाईवेयर मामले में सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अगर देश में स्पाईवेयर का इस्तेमाल हो रहा है, तो इसमें गलत क्या है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पेगासस के जरिए जासूसी की जांच कर रही कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है।

बार एंड बेंच के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर कोई देश स्पाईवेयर का इस्तेमाल कर रहा है, तो इसमें गलत क्या है? एक बात साफ कर दें कि स्पाईवेयर रखने में कोई परेशानी नहीं हैज्। इसका इस्तेमाल कुछ ऐसे लोगोंज् जैसेज् पर किया जा सकता है। राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते। हालांकि, पीठ ने यह भी जोड़ा, हां सवाल यह हो सकता है कि इसका इस्तेमाल किसके खिलाफ किया जा रहा है। अगर इसका इस्तेमाल सिविल सोसाइटी के व्यक्ति के खिलाफ किया जा रहा है, तो मामले पर विचार किया जाएगा।

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। लेकिन, जो व्यक्ति यह जानना चाहते हैं कि उन्हें इसमें शामिल किया गया है या नहीं, उन्हें सूचित किया जा सकता है। अदालत ने कहा, हां, व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए

## सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजने पर फिलहाल कोई आदेश नहीं, पुलिस कर रही है आदेश का इंतजार

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने भारत में पाकिस्तानी नागरिकों को दी जा रही सुविधाएं समाप्त कर दी हैं। इसके चलते भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से दाखिल हुई सीमा हैदर का नाम उन लोगों की सूची में शामिल नहीं है, जिन्हें पाकिस्तान भेजा जाना है। नोएडा पुलिस के अनुसार, सीमा हैदर के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार से कोई विशेष आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही आदेश मिलेगा, आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सीमा हैदर मई 2023 में नेपाल के रास्ते अपने चार बच्चों के साथ भारत आई थीं। यहां आकर उन्होंने सचिन मीणा से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह भी किया और हाल ही में उनके एक बच्चे का जन्म भी हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा छूट खत्म होने से सीमा हैदर के मामले पर भी सवाल उठने लगे हैं।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में अशोक राजपथ पर डबल डेकर रोड और पटना जंक्शन सबवे के निर्माण का निरीक्षण किया.



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने श्रीनगर में सत्र की शुरुआत में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा।

# शरिया कोर्ट और दारुल कजा के फैसले को कानूनी मान्यता नहीं- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में दोहराया है कि काजी की अदालत, दारुल कजा या शरिया कोर्ट जैसे किसी भी निकाय को भारतीय कानून के तहत कोई मान्यता प्राप्त नहीं है और इनके द्वारा दिया गया कोई भी निर्देश या निर्णय कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होता।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने यह टिप्पणी एक महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें फैमिली कोर्ट ने काजी की अदालत में हुए समझौते के आधार पर निर्णय दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को गलत ठहराते हुए स्पष्ट किया कि इस तरह के निकायों का निर्णय केवल उन पक्षों के लिए मान्य हो सकता है जो स्वेच्छा से उस पर अमल करने के लिए सहमत हों, लेकिन इसे कानूनी रूप से लागू नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने 2014 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले विश्व लोचन मदन बनाम भारत सरकार के मामले का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि शरिया अदालतों और उनके फतवों को भारतीय कानून में कोई मान्यता प्राप्त नहीं है। इस फैसले में स्पष्ट किया गया था कि कोई भी गैर-सरकारी निकाय बलपूर्वक किसी पर अपने निर्णय लागू नहीं कर सकता।

बताया गया कि महिला का विवाह 24 सितंबर 2002 को इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। यह दोनों की दूसरी शादी थी। 2005 में, काजी की अदालत भोपाल में महिला के खिलाफ तलाक का मुकदमा दायर किया गया था, जो बाद में समझौते के आधार पर खारिज हो गया। 2008 में, पति ने दारुल कजा में फिर से तलाक के लिए मामला दायर किया और 2009 में तलाकनामा जारी कर दिया गया। महिला ने 2008 में भरण-पोषण की मांग करते हुए फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे फैमिली कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

फैमिली कोर्ट ने यह तर्क दिया था कि महिला स्वयं घर छोड़कर गई थी और यह कि चूंकि यह दोनों की दूसरी शादी थी, इसलिए दहेज की मांग की संभावना नहीं थी।



चाहे वह हाल में हुए 'रोजा' विवाद के दौरान भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी का समर्थन करना हो, विराट कोहली की प्रशंसा करने पर उन पर निशाना साधने वाले लोगों को जवाब देना हो या पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करना हो, अख्तर 'एक्स' पर अपनी राय खुलकर व्यक्त करने के लिए जाने जाते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका परिवार उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वालों से दूर रहने के लिए कहता है, अख्तर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हां, बिल्कुल। यहां तक ??कि मेरे दोस्त भी कहते हैं। वे कहते हैं कि आप इसमें क्यों पड़ना चाहते हो? आप इन सब चीजों से ऊपर हो।''

# रेड ड्रेस में कहर ढा रहीं भोजपुरी स्टार आकांक्षा पुरी, सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें

भोजपुरी सिनेमा की ग्लैमरस एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने एक बार फिर अपने स्टाइल से फैंस का दिल जीत लिया है. उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बोल्ड और स्टनिंग फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह रेड कलर के खूबसूरत आउटफिट में नजर आ रही हैं. इस ऑफ-शोल्डर रेड क्रॉप टॉप और मैचिंग स्कर्ट लुक में आकांक्षा बेहद दिलकश लग रही हैं. हेवी ईयररिंग्स, गोल्डन एक्सेसरीज़ और ओपन हेयर स्टाइल ने उनके लुक को और भी शाइनी बना दिया है. कैप्शन में आकांक्षा ने लिखा, रात का स्वामित्व और साथ में शैली, पहनावा, आकांक्षापुरी जैसे कई हैशटैग इस्तेमाल किए.उनकी इन तस्वीरों को अब तक 40 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. कई सेलेब्स और फैंस ने कमेंट करते हुए फायर और दिल के इमोजी से उनके लुक की तारीफ की है. राखी सावंत ने भी कमेंट किया, फायर, जो इस लुक की तारीफ का साफ सबूत है. गौरतलब है कि आकांक्षा पुरी न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने फैशन सेंस को लेकर भी चर्चा में रहती हैं. वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और फैंस के साथ लगातार जुड़े रहने का हुनर रखती हैं. उनका यह लेटेस्ट लुक यह साबित करता है कि वह हर इवेंट को अपने स्टाइल से 'अपना' करना जानती हैं.



**फिल्म किष्किंदापुरी से बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी**

एक्शन-हल्क, बेलमकोंडा साई श्रीनिवास अलग-अलग स्क्रिप्ट और दिलचस्प फ़िल्में चुन रहे हैं। अभिनेता ने कौशिक पेगलापति के निर्देशन में बड़ी एक्शन थ्रिलर का हिस्सा बनने का फैसला किया है। हाई बजट थ्रिलर का निर्माण साहू गरपति ने किया है।

इस रोमांचक फिल्म ने एक क्रिएटिव अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और अब, निर्माताओं ने इसका शीर्षक और फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। फिल्म का नाम किष्किंदापुरी है। इस फर्स्ट लुक पोस्टर में बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन रात के समय सेंस फॉरेस्ट में खोज करते

## केसरी वीर का नया मोशन पोस्टर हुआ जारी, योद्धा के रूप में नजर आए सूरज पंचोली

फिल्म केसरी वीर के निर्माताओं ने फिल्म का नया मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता सूरज पंचोली को दिखाया गया है। पोस्टर पर लिखा है हमीरजी गोहिल के रूप में सूरज पंचोली। सूरज पंचोली ने हाथ में त्रिशूल पकड़ा हुआ है और उनके शरीर पर लोहे की जंजीरें हैं। उनके शरीर में कहीं आग लगी है, तो कहीं से खून बह रहा है। पोस्टर में सूरज पंचोली काफी जोशीले अंदाज में नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि फिल्म केसरी वीर में सूरज पंचोली कई दूसरे कलाकारों के साथ सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। सूरज पंचोली फिल्म में हमीरजी गोहिल का किरदार निभा रहे हैं। वह 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए जंग लड़े थे।

# मानुषी छिल्लर ने बताया कैसे मिलता है उन्हें सुकून

अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि उन्हें सुकून कैसे मिलता है और सुकून पाने के लिए वह क्या-क्या करती हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर उन चीजों की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जो उन्हें खुशी और शांति देती हैं।

पहली तस्वीर में वह अपने पालतू पेट्स के साथ खेलती हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरी में मानुषी साइकिल पर पोज देती हुई दिखीं। पोस्ट में छिल्लर अपनी स्वादिष्ट ब्राउनी खाती नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने एक पेपर भी दिखाया, जिस पर उनका नाम मानुषी लिखा हुआ है। मानुषी ने पेंट ब्रश के साथ कुछ पुरानी वाटर पेंटिंग पोस्ट की। उन्होंने बताया कि ये पुराने पेंट और ब्रश उनके बचपन के हैं और उनकी दादी ने उन्हें अच्छी तरह से संभाल कर रखा है।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट को शेयर करते हुए मानुषी ने कैप्शन में लिखा, सुकून... पेंट और ब्रश का मेरा पुराना डिब्बा देखने के लिए अंत तक स्वाइप करें, जिसे मेरी दादी ने अभी भी संभाल कर रखा है। उनके प्यार को छोड़कर सब कुछ सूख गया है, जो बचपन को अपने दिल के करीब रखती है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो मानुषी की बहुप्रतीक्षित



ड्रामा, 'मालिक' रिलीज को तैयार है। वह अपकमिंग फिल्म में राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। एक्शन-थ्रिलर फिल्म में राजकुमार राव पहली बार गैंगस्टर के किरदार में नजर आएंगे। गैंगस्टर ड्रामा का निर्देशन पुलकित ने किया है। कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स और जय शेवक्रमणी नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है।

## मोहित सूरी ने किया अपनी नई फिल्म सैयारा का ऐलान, अहान पांडे और अनीत पड्डा को करेंगे लॉन्च

यशराज फिल्म्स के बैनर तले कई सालों तक काम करने के बाद, एक्ट्रेस अनन्या पांडे के कजिन ब्रदर अहान पांडे बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं. अहान आदित्य चोपड़ा द्वारा प्रेजेंट और मोहित सूरी निर्देशित रोमांटिक ड्रामा सैयारा के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करेंगे. फिल्म में अहान के साथ अनीत पड्डा रोमांस करती नजर आएंगीं. वे इसेस पहले काजोल और आमिर खान के साथ सलाम वेंकी में नजर आ चुकी हैं.

बता दे कि अहान पांडे की अपकमिंग डेब्यू फिल्म सैयारा के साथ आदित्य चोपड़ा और मोहित सूरी पहली बार कोलैबोरेट कर रहे हैं. मोहित इससे पहले आशिकी 2, एक विलेन, मलंग, मर्डर 2 और आवारापन जैसी सफल रोमांटिक थ्रिलर का निर्देशन कर चुके हैं. वहीं वाईआरएफ ने एक पोस्ट भी शेयर की है और फिल्म को एक इंटेंल लव स्टोरी बताया हुए अहान पांडे के डेब्यू की अनाउंसमेंट की है. साथ ही सैयारा की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है. पोस्ट में लिखा है, उनकी लव स्टोरी किसी और जैसी नहीं हैञ्अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर सैयारा, 18 जुलाई, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी! प्रेजेंटेड बाय आदित्य चोपड़ा, डायरेक्टर मोहित सूरी, निर्माता अक्षय विधानी.

वहीं अहान पांडे की डेब्यू फिल्म अनाउंस होने पर उनकी कजिन बहन और एक्ट्रेस अनन्या पांडे खुशी से फूली नहीं समा रही हैं. अनन्या पांडे ने इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट कर अपने चचेरे भाई अहान पांडे को उनके डेब्यू के लिए शुभकामनाएं दीं हैं. अनन्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, फिल्मों में आपका स्वागत है मेरे भाई अहान पांडे.

अहान चंकी पांडे के छोटे भाई चिक्की अलोक पांडे के बेटे हैं. अहान की बहन एक फेमस सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर और द ट्राइब रियलिटी शो, अलाना पांडे हैं, इससे पहले, उन्हें अजय देवगन के साथ एक शानदार फिल्म में डेब्यू करने के लिए प्रोडक्शन हाउस द्वारा चुना गया था। हालाँकि, शिव रवैल का प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया. हालांकि अब अहान सैयारा से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे.

# इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो के कारोबार में मामूली सुधार, फुले 2 दिन में 1 करोड़ भी नहीं कमा पाई

अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इमरान को फिल्मों में ज्यादातर इश्क फरमाते ही देखा गया है, लेकिन इस बार उन्होंने अपनी छवि से इतर किरदार पर्दे पर साकार किया और उनके इस अवतार को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी हरी झंडी मिली।

अब उनकी इस फिल्म के दूसरे दिन की कमाई के आंकडे सामने आ चुके हैं।

आइए जानें ग्राउंड जीरो के साथ बाकी फिल्मों का बॉकस ऑफिस पर हाल।

सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने पहले दिन 1.15 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे दिन इसने 1.90 करोड़ रुपये कमाए।

श्2 दिन में इसने महज 3.05 करोड़ रुपये कमाए हैं, जबकि फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये है।

फिल्म का कश्मीर में प्रीमियर भी किया गया था और इसकी तारीफ भी हुई, लेकिन तारीफ आंकड़ों में तब्दील होती नहीं दिख रही है।

पाकिस्तान और कश्मीर का एंगल होने के बावजूद फिल्म को सिनेमाघरों में दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं।

ग्राउंड जीरो के निर्देशक तेजस प्रभा विजय देओस्कर हैं। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।

यह क्स्स्र अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने साल 2003 में उस ऑपरेशन का नेतृत्व किया था, जिसमें आतंकवादी राणा ताहिर नदीम मारा गया था, जिसे गाजी बाबा के नाम से जाना जाता है।

सई ताम्हणकर और जोया हुसैन ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है।

ज्योताबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर बनी अनंत महादेवन की फुले पर खूब विवाद भी हुआ। कहानी और कॉन्सेप्ट को भी फिल्म समीक्षकों ने सराहा, लेकिन इसका भी हाल-बेहाल है।

फुले ने जहां पहले दिन मात्र 15 लाख रुपये कमाए, वहीं दूसरे दिन 26 लाख कमाए। 2 दिन में यह देशभर में सिर्फ 41 लाख रुपये कमा सकी है।

30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा ने मुख्य भूमिका निभाई है। अक्षय कुमार की फिल्म केसरी 2 ने शनिवार को एक अच्छी बढ़त हासिल की। बॉक्स ऑफिस से इसने 7 करोड़ रुपये बटोरे। रिलीज के 8वें दिन इसने 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया था। हालांकि, दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

उधर सनी देओल की जाट ने अपनी रिलीज के 17वें दिन 1 करोड़ 36 लाख रुपये कमाए और इसी के साथ इसने भारत में 83.5 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

## करीना कपूर ने किया अपनी नई फिल्म दायरा का ऐलान, पृथ्वीराज सुकुमारन होंगे जोड़ीदार

अभिनेत्री करीना कपूर को पिछली बार फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। हमेशा की तरह फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

प्रशंसक कुछ समय से करीना की नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

दरअसल, करीना ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके नाम दायरा रखा गया है। दायरा में करीना की जोड़ी अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान मेघना गुलजार ने संभाली है, जिन्हें राजी और सैम बहादुर के लिए जाना जाता है।

करीना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह सुकुमारन और मेघना के साथ दिख रही हैं।

# गर्मियों के दौरान फूल वाले पौधों का इस तरह से रखें ध्यान, रहेंगे स्वस्थ

गर्मियों में बढ़ती गर्मी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। इनमें से एक है फूलों वाले पौधों का मुरझाना।

अगर आप अपने बगीचे में फूलों वाले पौधे लगाते हैं तो आपको उनकी देखभाल के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसा न करने पर फूलों वाले पौधे मुरझा सकते हैं।



आइए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं, जिनसे आप गर्मियों के दौरान अपने फूलों वाले पौधों का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं।

पौधों में छाया की व्यवस्था करें

गर्मियों में सूरज की रोशनी काफी तेज होती है, जो कई बार फूलों वाले पौधों के लिए हानिकारक हो सकती है। इससे बचाने के लिए अपने फूलों वाले पौधों को ऐसी जगह पर रखें, जहां उन्हें सुबह की हल्की धूप और दोपहर की तेज धूप से बचाव मिल सके।

आप चाहें तो पौधों को किसी पेड़ के नीचे या फिर छत पर कपड़े या छांव देने वाले तिरपाल से ढक सकते हैं।

पौधों को पर्याप्त पानी देना है जरूरी

गर्मियों में फूलों वाले पौधों को पर्याप्त पानी देना बहुत जरूरी है।

हालांकि, ध्यान रखें कि अधिक पानी से भी फूलों वाले पौधों को नुकसान पहुंच सकता है। इससे जड़ें खराब हो सकती हैं। इसलिए इन्हें बस तभी पानी दें जब इनमें मिट्टी सूखी लगे।

इसके अलावा पौधों को सुबह के समय पानी दें क्योंकि इस समय मिट्टी ठंडी रहती है, जिससे पौधों पर पानी का नकारात्मक असर नहीं पड़ता।

खाद का करें उपयोग

फूलों वाले पौधों को सही पोषण देने के लिए उन्हें समय-समय पर खाद दें।

इसके लिए आप प्राकृतिक खाद का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और पौधे स्वस्थ रहेंगे।

आप चाहें तो अपने फूलों वाले पौधों को पोषण देने के लिए गोबर की खाद या फिर हरी खाद का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह खाद पौधों को जरूरी तत्व प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें कीटों से सुरक्षित रखने में भी मदद कर सकती है।

नियमित रूप से छंटाई करें

फूलों वाले पौधों की नियमित छंटाई करना जरूरी है क्योंकि इससे पौधों का विकास ठीक रहता है।

इसके अलावा इससे नए पत्ते और फूल आने की संभावना बढ़ जाती है। छंटाई करने के लिए सबसे पहले सूखे और मुरझाए पत्तों और फूलों को काट दें।

इसके बाद पौधों की लंबी शाखाओं को भी काटें ताकि नए पत्ते और फूल अच्छे से आ सकें। इस प्रक्रिया से पौधे को ताजा और स्वस्थ रखने में मदद मिलती है।

कीटों की जांच करें

फूलों वाले पौधों पर कीड़े लगना एक आम समस्या है, खासकर गर्मियों के दौरान।

कीड़े पौधों को कमजोर कर सकते हैं और उनकी वृद्धि को रोक सकते हैं। इसलिए समय-समय पर अपने पौधों की जांच करते रहें।

अगर आपको किसी पौधे पर कीड़े दिखाई दें तो साबुन के पानी का छिड़काव करें। इससे कीड़े मर जाएंगे और पौधा सुरक्षित रहेगा।

# खराब होने के बाद भी क्यों नहीं लगते हैं केले में कीड़े, पढ़ें इसको खाने के सही तरीके

केला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. केला ना केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व होते हैं. रोजाना केला खाने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है.

केले की वैरायटी

दुनियाभर में केले की करीब 1000 से ज्यादा वैरायटी पाई जाती है. भारत में केले की करीब 33 किस्में उगाई जाती है. इसमें कई केले की किस्में बेहद स्वादिष्ट होती है. 12 किस्में अपने अलग-अलग साइज और कलर के लिए फेमस है.

केले में क्यों नहीं लगते कीड़े

हर किसी ने देखा ही होगा कि केले में कीड़े नहीं लगते हैं. इसका कारण यह के केले के फल में साइनाइड नाम का केमिकल पाया जाता है. इस कारण इस फल में कीड़े नहीं लग सकते हैं. इसके अलावा केले में भारी मात्रा में विटामिन बी 6, विटामिन सी, पोटेशियम आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं. यह शरीर को फिट और चुस्त और हेल्दी रखने में मदद करता है.



केले खाने के फायदे

दिल के लिए फायदेमंद

केले में मौजूद पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे दिल के रोगों का खतरा कम होता है.

वजन कंट्रोल केले में फाइबर होता है. जिससे की लंबे टाइम तक पेट भरा हुआ महसूस होता है. जिससे की आपको ज्यादा भूख नहीं लगती हैं और वजन भी कंट्रोल रहता है.

स्किन के लिए

केले में विटामिन सी होता है जो कि स्किन के लिए फायदेमंद होता है और उसको स्वस्थ रखने में भी मदद करता है. डाइजेशन के लिए

केले में फाइबर होता है जो कि डाइजेशन के लिए बेस्ट होता है और उसे हेल्दी रखने में मदद करता है और कब्ज की दिक्कत से भी बचाता है.

मांसपेशियों के लिए

केले में पोटैशियम और मैग्निशियम होते हैं जो कि मांसपेशियों के लिए फायदेमंद होता है.

मूड को ठीक

केले में विटामिन बी6 होता है जो कि मेंटल हेल्थ में सुधार लाता है और मूड को ठीक रखने में मदद करता है.

आंखों के लिए

केले में मौजूद विटामिन ए आंखों के लिए फायदेमंद होता है.

कैसे खाएं केले

आप दिन के किसी भी समय केला खा सकते हैं. इसे नाश्ते में, दोपहर के खाने के रूप में या स्नैक्स के रूप में खा सकते हैं. आप इसे अकेले खा सकते हैं या दही, पीनट बटर या खाने के कुछ समय बाद खा सकते हैं.

एक दिन में कितने खाएं केले

आप एक दिन में एक से दो केले खा सकते हैं. हालांकि, अगर आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर होगा.

## शब्द सामर्थ्य -032

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्माननीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 031 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सी |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्त | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला में प्रहलाद झारिया उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम महगंवा काशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का काम करता है अपने छोटे भाई सुखदेव झारिया के यहा उनकी बेटी की हल्दी के कार्यक्रम में सम्लित होने गया था उसका परिवार पहले से वही पर था । बडे भाई की बहु ने फोन करके बताया कि आपके घर का ताला टुटा हुआ है। तुरंत आकर देखा घर का ताला टुटा हुआ था अंदर कमरे में समान बिखरा पडा हुआ था।





गढ़ा के गुलौआ चौक से दिव्य वाहनों की वीर गर्जना-फरसे की धार से कटेगा आतंक, परशुराम के पराक्रम के गूंजें गगनभेदी नारे

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव- गढ़ा में आज मुख्य आयोजन लोनिवि मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा में संत महात्माओं के नेतृत्व में परशुरामधाम बनाने की घोषणा की

## भगवान् परशुराम को आतंकवाद के विरूद्ध प्रेरणा बनाकर निकाली विराट वाहन रैली

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान विष्णु के षष्ठम अवतार , विश्व से आतंकवाद के संहारक भगवान् परशुराम के प्राकट्य महोत्सव पर आज मुख्य आयोजन गुलौआ चौक, गढ़ा से सायंकालीन सूर्य की लालिमा ,में विराट दिव्य वाहन शोभायात्रा का आयोजन हुआ । यह विराट वाहन शोभा यात्रा सूरज की तपिश को भेदती हुई लयबद्ध वैदिक ऋचाओं के मंत्रोच्चार , पुष्प वर्षा के मध्य नगर के प्राणवंत मार्गों , छोटी बजरिया , आनंद कुञ्ज , गढ़ा बाजार , पंडा की मढ़िया , शाही नाका , कुरारिया मार्केट , कछपुरा रेल ब्रिज , लेबर चौक, रानी ताल, गोल बाज़ार से होती हुई डी.एन. जैन कालेज गोल बाजार डीएनजेन कॉलेज में महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ । मंच पर जगद्गुरु नरसिंहदेवाचार्य , जगद्गुरु बालगोविंद जीहराज,जगद्गुरु रघवदेवाचार्य जी स्वामी, दांडी स्वामी कालिकानंद जी महाराज,स्वामी चैतन्यानंद जी ,वासुदेव शास्त्री सहित संतों के सान्निध्य में आरंभ हुआ मंगलाचरण, आशीर्वचन प्राप्त हुए।श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, गढ़ा से प्रस्थान करती इस यात्रा का शुभारंभ घृत-पुष्पाभिषेक और वैदिक पुरोहितों के मंगलगान से हुआ। सभी राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेता विनोद गोटियां,अतुल बाजपेई,आलोक मिश्रा,आलोक चंसौरिया जिला अधिवक्ता संघ के मनीष मिश्रा,राजेश मिश्रा शरद अग्रवाल,रोहित तिवारी,पंकज दुबे,पंकज तिवारी, रिकुज विज,भी इस वाहन शोभा यात्रा में सम्मिलित पहलगाम की बर्फीली हवाओं में, जहाँ सनातन धर्म की पहचान पर एकरक्त रंजित प्रश्नचिह्न आतंकवाद ने लगाया है , गढ़ा के गुलौआ चौक से यह वाहन रैली आतंकवाद के विरुद्ध झांकी निकाली गई । इस यात्रा में जय परशुराम के उद्घोष के साथ हजारों विप्र समुदाय के सदस्य, पारंपरिक केसरिया एवं पीताम्बर धारण कर, दुपहिया वाहनों पर

### भगवा ध्वजा के साथ तिरंगे झंडे के साथ आतंकवाद के विरूद्ध सनातन एकता का दिया सन्देश 15 फुट ऊंचा फरसा से सुसज्जित वाहन रैली का विशेष आकर्षण

केशरिया ध्वजाएं फहराते हुए सम्मिलित हुए । मंडला, सतना, नरसिंहपुर, भोपाल, रीवा, कटनी, छतरपुर आदिदूरस्थ अंचलों से अपने दुपहिया वाहनों से छोटे छोटे समूह के साथ आ चुके विप्र शिरोमणि भी इस वाहन शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए . वाहन शस्त्र-शास्त्र के प्रतीकों से सुसज्जित और अलंकृत रहे। यह यात्रा केवल पावन उत्सव नहीं, अपितु पृथ्वी आतंक का समूल नाश करने वाले भगवान परशुराम को स्मरण करते हुए आतंकवाद के विरूद्ध सम्पूर्ण सनातन एकता के प्रकटीकरण के प्रतीक रूप में आयोजित हुई —जहाँ शास्त्र की मधुरिमा और शस्त्र की तीक्ष्णता का समन्वय दृष्टिगोचर हुआ । तिरंगे झंडे भी फहराते आतंकवाद के विरूद्ध सनातन और राष्ट्रीय एकता का सन्देश देते हुए निकाले गए ।.

पुष्पवर्षा और वेदगान

यात्रा मार्ग में प्रत्येक चौक, प्रत्येक गली में इस यात्रा का स्वागत अक्षत-पुष्पों की वर्षा, तोरणों की शोभा और शंखनाद से किया गया। विभिन स्वागत मंचों से इस दिव्य शोभा यात्रा का स्वागत हुआ । गढ़ा का वातावरण वेदमंत्रों से गुंजायमान हो उठा । पंडा की मढ़िया, कुररिया बाजार, लेबर चौक से लेकर रानी ताल तक—प्रत्येक स्थल पर भक्तों परशुराम की जय-जयकार से आकाश को प्रतिध्वनित किया । आकाशमार्ग से ड्रोन द्वारा पुष्पवर्षा शोभा यात्रा को को स्वर्गिक आभा प्रदान किया । शंख, घंटा, और मंत्रोच्चार और यात्रा मार्ग में पुष्पों को बिछाया गया ।

**अंतिम पड़ाव- गोल बाजार में समापन**

तपिश और लू की प्रचंडता को चीरती शोभायात्रा का समापन गोल बाजार में सामूहिक संकल्प महाआरती ,प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर प्रशांत अवस्थी एड आशीष त्रिवेदी, अखिलेश दीक्षित,एड बृजेश दुबे,एड असीम त्रिवेदी,अपूर्व त्रिवेदी,प्रवीण तिवारी,श्रीमती अदिति अतुल वाजपेई,एड सिद्धार्थ शुक्ला,रत्नेश मिश्रा,गुड्डा त्रिपाठी,पंकज दुबे,रोहित तिवारी,हर्षुल त्रिवेदी,शैलेश पाठक,वर्षा त्रिवेदी,ज्योति उपाध्याय, पप्रिया तिवारी,रेणु उपाध्याय,दीपिका पांडेय,रत्ना दीक्षित,संध्या वैरागी,गीता पांडेय,शक्ति त्रिपाठी,सुनीता मिश्रा,श्वेता सिंह,रीना दीक्षित,रीना पांडेय,रानी मिश्रा,सीमा मिश्रा,प्रीति वाजपेई,कल्पना तिवारी,सुनीति बाजपेई, अस्मिता त्रिवेदी, ज्योति दुबे,रीता।नौटियाल,आभा दुबे,उर्मिला पांडेय, ललिता शाक्य,एवं मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# भारत सरकार की जातिगत जनगणना की घोषणा का स्वागत - संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।भारत सरकार ने देश में जातिगत जनगणना की जो घोषणा की है संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर, केंद्र सरकार की घोषणा का स्वागत करता है साथ ही यह उन लोगों के लिए करारा जवाब है जो देश को अब तक मूल निवासियों की गणना से रोक रहे थे , समाजवादी विचारधारा से ताल्लुक रखने वाले विभिन्न राजनीतिक दल व सामाजिक संगठन लगातार जातिगत जनगणना की मांग करते रहे हैं ।और लगातार जाति जनगणना करने की मांग को लेकर भारी आलोचना के शिकार होते रहे। केंद्र सरकार ने हमारी वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है उसका हम स्वागत करते हैं और मांग करते हैं केंद्र सरकार से की जातिगत जनगणना की एक समय सीमा निर्धारित की जाए यह तय किया जाए की कितने समय में जाति के जनगणना केंद्र सरकार कर पाएगी। संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर जाति जनगणना के लिए लगातार कई वर्षों से सक्रिय रहा है। महामहिम राष्ट्रपति महोदय ,प्रधानमंत्री महोदय राजपाल महोदय ,मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन देकर कई बार जाति जनगणना की मांग की गई आज हमारी मांग पर जाति जनगणना के लिए केंद्र सरकार ने जो घोषणा की है संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयोजक रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, नोके लाल प्रजा, रामकुमार पटेल, इंद्र कुमार पटेल, सरमन रजक, वृंदावन वर्मा, हरिशंकर विश्वकर्मा, मूलचंद मौर्य, केपी कुशवाहा, सीताराम पटेल, एडवोकेट ओपी यादव, प्रमोद डोंगरे ,गिरनी कुशवाहा ,सुभाष चौरसिया, माया देवी कुशवाहा, भगवान दास पटेल, परमानंद साहू ,विनय भगत, देवकरण पटेल ,उदय साहू, राजकुमार यादव, ज्ञानवती वर्मा ,डॉक्टर बाल मुकुंद यादव, राजेश यादव, सुजीत झरिया, एडवोकेट प्रशांत चौरसिया ,नीलू कुशवाहा, मुरारीलाल चक्रवर्ती, लल्ला विश्वकर्मा, गोपाल पाली, रमेश रजक ,प्रमोद सेन ,दयाराम यादव आकाश यादव, एवं सभी साथियों ने इस घोषणा का स्वागत किया है और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया है।

# वक़्फ़ बिल का विरोध-जबलपुर सहित महाकौशल में बत्ती गुल आन्दोलन को मिला व्यापक समर्थन



तालिब हुसैन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सड़क से लेकर अदालत तक वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ आवाज़ बुलंद कर रहा है. धरना प्रदर्शन के साथ ही कई तरह के शांतिपूर्ण तरीकों से बिल का विरोध किया जा रहा है.बोर्ड ने 30 अप्रैल को रात 9 बजे से सवा नौ बजे तक बत्ती गुल आन्दोलन का ऐलान किया था, इस आन्दोलन को देश भर में ज़बरदस्त समर्थन मिला. महानगरों और मेट्रो सिटी के साथ ही छोटे शहरो और गांव में भी रात को 9 बजते ही लोगों ने बत्ती गुल कर आन्दोलन में भागीदारी निभाई. मध्यप्रदेश में भी बत्ती गुल आन्दोलन का प्रभाव देखा गया. जबलपुर के साथ ही भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर, रतलाम, होशंगाबाद, कटनी, शहडोल, उमरिया, अनुपपुर, मण्डला, डिंडौरी, रीवा, सतना, मैहर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, नरसिंहपुर,

सिवनी, दमोह पन्ना, सागर सहित

एमपी के सभी जिलों में मुस्लिम समाज के लोगों ने बत्ती गुल कर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ आवाज बुलंद की. जबलपुर में बत्ती गुल आन्दोलन को व्यापक समर्थन मिला. रात के नौ बजते ही जबलपुर के मुस्लिम बहुल इलाके अंधेरे में डूब गए. घरों दुकानो, दरगाह, खानकाहों और मस्जिदों में भी अंधेरा कर दिया गया . आलम यह रहा कि शादी पार्टी के दौरान भी 15 मिनिट के लिए बत्ती गुल कर दी गयी.

जबलपुर में पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, आमीन कुरैशी, पार्षद याकूब अंसारी, पार्षद शफीक हीरा, पार्षद गुडडू नबी, पार्षद गुलाम हुसैन, मुख्तार अली, शाकिर कुरैशी, हामिद खान, अशरफ मंसूरी, शादाब अंसारी, एड. शाहरूख़ मंसूरी, मुहम्मद आसिफ़, अख्तर मंसूरी, आदि ने मुस्लिम क्षेत्रों में दौरा कर लोगों को बत्ती गुल आन्दोलन के लिए प्रेरित किया. इस आन्दोलन की खास बात यह रही कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मुस्लिम समाज के नागरिकों ने आन्दोलन को समर्थन दिया यह पहला मौका है जब वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम समाज एकजुट नज़र आ रहा है. बिना किसी सियासती रहनुमाई के बत्ती गुल आन्दोलन की कामयाबी इस बात की दलील है कि अब मुस्लिम समाज अपने हक के लिए जागरूक हो गया है.

# देश में चार जातियों की दुहाई देने वाले जातिगत जनगणना को हुए राजी- कांग्रेस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सदन से लेकर सड़कों तक पूरे देश में सदियों से पीड़ित शोषित पीड़ित ओबीसी को राष्ट्रीय विकास में भागीदार बनाने हेतु जातिगत जनगणना को जरूरी बताया जिससे राहुल गांधी को दलित ओबीसी अल्पसंख्यक वर्गों के समुदाय से मिल रहे अपार जन समर्थन से भयभीत होकर देश की जो सरकार कल तक देश में केवल चार जातियों की बात करती थी और जातिगत जनगणना से समाज की एकता अखंडता को खतरा बताने वालों को राहुल गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दे से सहमत होकर ओबीसी ,दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समुदायों के हित में उनका हक देने मजबूर होना पड़ा।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा ,प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, विजय अग्रवाल, राजेश पटेल, डॉक्टर मोइन अंसारी, मामूर गुड्डू, राजा खान, अशोक चौधरी, पवन नामदेव, रविंद्र कुशवाहा धर्मेंद्र कुशवाहा संजू ठाकुर रम्बल विश्वकर्म आदि ने सरकार से मांग की है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी हेतु 50त्न आरक्षण की सीमा को तत्काल हटाने की पहल शीघ्र शुरू की जाए अन्यथा ओबीसी वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा ।

# खेल भावना, अनुशासन और प्रशिक्षकों के प्रति सम्मान की शपथ के साथ केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का 31 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर उद्घाटित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ''खेल भावना, नियम, अनुशासन, समय की पाबंदी, आपसी सहयोग, परस्पर मित्रवत् व्यवहार और प्रशिक्षकों के प्रति सम्मान'' के पालन की शपथ के साथ आज एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शर्विर पाण्डुताल मैदान में औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गया। श?विर का उद्घाटन एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक कॉमर्शी?यल संजीव खरे व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल एससी घोष ने किया। इस अवसर पर परिषद के पदाध?िकारी, विभि?न्न खेलों के प्रभारी, प्रशिक्षक और शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी उपस्थि?त थे।संजीव खरे ने श?िविर का उद्घाटन करते हुये कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ किसी खेल का प्रशि?क्षण भर ही नहीं है, बल्कि? प्रतिभागी बच्चों के लिए सार्वभौमिक विकास का एक नया रास्ता खोलना भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शि?विर में प्रतिभागी बच्चों के व्यक्ति?त्व को एक नया आयाम मिलेगा। एससी घोष ने कहा कि खेल प्रशि?क्षण शि?विर को आयोजित करने का एक अन्य उद्देश्य सामाजिक सरोकार भी है। इस शि?विर में विद्युत परिवार के अतिरिक्त नगर के व?िभि?न्न क्षेत्रों के बच्चे भी शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशि?क्षण शि?वि?र में विद्युत कंपनियों के अधि?कारियों व कार्मिकों के बच्चों के अलावा उनके आश्रित और बाहरी बच्चे भी भाग ले रहे हैं। नगर के सबसे बड़े ग्रीष्मकालीन खेल प्रशि?क्षण शि?विर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने वाले इस प्रशि?क्षण कार्यक्रम में कुल 13 खेलों क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, वालीबाल, कुश्ती, शरीर सौष्ठव-फिजिकल फिटनेस, ताईक्वान-डो, शूटिंग, एरोबिक्स, स्केटिंग व योग का प्रशि?क्षण दिया जाएगा। प्रशि?क्षण शि?विर में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के वरिष्ठ खि?लाड़ी एवं अनुभवी प्रशि?क्षक अपनी सेवाएं देंगे।

# आशुतोष तिवारी की कृति विहान का विमोचन 4 को






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अनेकांत एवं पाथेय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षाविद, साहित्यकार आशुतोष तिवारी की प्रथम काव्यकृति %विहान% का विमोचन 4 मई 2025 को सायं 6 बजे से कला वीथिका में आयोजित है। संयोजक राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. संध्या जैन श्रुति एवं राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.राजेन्द्र कुरारिया कुलपति अवधेश प्रतापसिंह वि.वि. रीवा होंगे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। सारस्वत अतिथि आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे होंगे।

विशिष्ठ अतिथि डॉ. अरुणा पाण्डे, डॉ. अभिजातकृष्ण त्रिपाठी डॉ. आराधना तिवारी होंगी।कृति पर चर्चा डॉ.संध्या जैन श्रुति करेंगी। विजय नेमा,सुभाष शलभ, संतोष नेमा, गणेश प्यासा,डॉ.सलपनाथ यादव,अमित सिंह, ने साहित्यकारों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

पाटन के पवई धाम में स्वामी महेन्द्रानंद महाराज के सान्निध्य में श्री शिव समाराधन महायज्ञ प्रारंभ, पहले दिन उमड़े श्रद्धालु

# भगवान के भक्त को विपत्ति आने पर भी उसका प्रभाव छू नही- इंद्रेश उपाध्याय

## अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य इंद्रेश उपाध्याय जी ने बताया भागवत कथा का महत्व





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाटन। पाटन तहसील के पवई धाम में गुरुवार से स्वामी महेन्द्रानंद महाराज के सान्निध्य एवं पवई धाम सरकार के संरक्षण में शिव समाराधन महायज्ञ प्रारंभ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान वृंदावन से पधारे अंतरराष्ट्रीय वक्ता इंद्रेश उपाध्याय जी ने पहले दिन श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा क महाराष्ट्र के संत तुकाराम जी भक्ति प्रवर होकर भी संयमित व क्रोधमुक्त विवेक धारण करते थे। भगवान के भक्त को महान विपत्ति आने पर भी उसका प्रभाव छू नहीं पाता। सत्वरूप, चैतन्य स्वरूप और आनंद स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण ही परम आराध्य और वंदनीय है। वही जगत के उत्पादक, पालक व संहारक हैं और आध्यात्मिक, आधिदैविक व आधिभौतिक तापों का नाश करने वाले हैं। श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होंगे। महाराजश्री अपने मधुर कंठ से सुमधुर भजनों का गान कर भक्तों के भक्ति भाव को और भी प्रगाढ़ किया।

रुद्राभिषेक के साथ महायज्ञ में आहुति

युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी के सान्निध्य में प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक शिवसमारधना के लिए 51 यजमानों द्वारा आहुति दी जाएंगी। कुण्डली परामर्श के माध्यम से लोगों की समस्याओं के निराकरण का भी प्रयास करने के लिए ऋचाजी ज्योतिष दरबार में सायं 7 बजे से 10 बजे तक जनमानस से मिलेंगी। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान श्री सर्वेश पटेल एवं यज्ञ मुख्य यजमान श्री श्याम मनोहर पचोरी जी ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया। पाटन के विधायक श्री अजय विश्नोई जी ने भी महाराज जी का सम्मान किया। श्री जितेंद्र पचौरी जी ने महाराज जी के विषय में सभी को अवगत कराया व महाराज जी का सम्मान किया। पवई धाम सेवा समिति के श्री हरकृष्ण पचौरी, विष्णु शंकर पटेल, शम्भू नारायण शर्मा, मुरली मनोहर पचौरी, ब्रजेश बादल, सुरेश पचौरी,आनंद पटेल, मुकुल पचौरी, मुदित पचौरी,मदन मोहन पचौरी,देवेंद्र सिंह ठाकुर ,पंचम सिंह ठाकुर,मनोज पटेल, गोविंद सिंह ठाकुर, दीपक भुर्रक, कपिल भुर्रक, चिंटू गोटिया , ? नारायण तिवारी , पहलाद पटेल, गौरीशंकर तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, गुड्डा साहू , श्याम साहू , विवेक साहू,लक्ष्यजीत पचौरी , पुष्पित पचौरी, मदन गोपाल पटेल, धीरज सिंह आदि सभी ने महाराज श्री का सम्मान किया।

# सिंगाजी-पीथमपुर 400 के.व्ही. लाइन में गंभीर आर.ओ.डब्ल्यू. समस्या के कारण लंबित ओ.पी.जी.डब्ल्यू. कार्य पूर्ण

## एम.पी. ट्रांसको की पहली क्वाडमूस ट्रांसमिशन लाइन हुई आकाशीय बिजली से सुरक्षित- तीव्र डेटा ट्रांसफर का मार्ग प्रशस्त



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने प्रदेश की प्रमुख संत सिंगाजी थर्मल पावर हाउस खंडवा-पीथमपुर 400 के.व्ही. डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन में लंबे समय से लंबित ओ.पी.जी.डब्ल्यू. (ऑप्टिकल फाइबर ग्राउंड वायर) स्थापित करने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। इस कार्य को खरगोन जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से संपन्न किया गया। इस तकनीकी उपलब्धि से न केवल ट्रांसमिशन लाइन को आकाशीय बिजली से सुरक्षा मिली है, बल्कि इससे उच्च गति के डेटा ट्रांसफर का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। एम.पी. ट्रांसको की अधीक्षण अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना ने बताया कि यह कार्य खरगोन जिले की सनावद तहसील के ग्राम सताजाना और कालबरड़ क्षेत्र से गुजरने वाले लगभग 4 किलोमीटर के हिस्से में गंभीर राइट ऑफ वे (आर.ओ.डब्ल्यू.) समस्याओं के चलते पिछले पांच वर्षों से लंबित था। इस जटिल कार्य को संपन्न करने के लिए ट्रांसको अधिकारियों ने लगातार जिला और पुलिस प्रशासन से संपर्क बनाए रखा। प्रशासन की ओर से तहसीलदार श्री मुकेश माचार, नायब तहसीलदार श्री प्रवीण सिंह चंदर तथा स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति में यह कार्य पूर्ण हुआ।

एम पी ट्रांसको की पहली क्वाडमूस लाइन-

श्रीमती खन्ना ने आगे बताया कि एम.पी. ट्रांसको की यह पहली क्वाडमूस कंडक्टर से निर्मित 140 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन है, जिसमें ओ.पी.जी.डब्ल्यू. स्थापना के पश्चात तेज डेटा संचार एवं ट्रांसमिशन प्रणाली के नए आयाम जुड़ गए हैं। इससे स्काडा प्रणाली, सब-स्टेशनों के रिमोट ऑपरेशन, ट्रांसमिशन प्रोटेक्शन और मॉनिटरिंग डेटा अब जी.एस.एम. की बजाय तीव्र और विश्वसनीय फाइबर ऑप्टिक माध्यम से संचरित होंगे। साथ ही, इस लाइन में उपलब्ध डार्क फाइबर को संचार कंपनियों को लीज पर भी उपलब्ध कराया जा सकेगा।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कोतवाली में महेश कुमार जेठवानी उम्र 43 वर्ष निवासी गणेश मंदिर के पास द्वारकानगर लालमाटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी किराना दुकान घर से कुछ दूरी पर है वह किराने का सामान लेने मुकादमगंज वासुदेव ट्रेडर्स से 6 पुड़े गोल्ड प्रीमियम मिंट सिगरेट, 4 पुड़े फ्लेक मिंट सिगरेट, 5 किलो काका जीरा सामान कुल कीमती 40 हजार 500 रूपये का एक बोरी में पैक कराकर अपनी ई बाईक में पीछे बोरी रखकर गाड़ी में और सामान लेने प्रिंस स्ट्रीट गलगला नरघैया के पास आया दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करके सामान लेने

# प्रदेश में जिला स्तरीय विकास समितियां गठित कर विकास का नया मॉडल लागू करेंगे- मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में नवीनीकृत राजस्व रिकार्ड रूम का फीता काटकर किया लोकार्पण







**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भू-अभिलेख के व्यवस्थित रखरखाव के लिए जबलपुर में की गई पहल सराहनीय है। राज्य सरकार ने राजस्व प्रशासन सहित अनेक क्षेत्रों में कई नवाचार किए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में साइबर तहसील, सम्पदा -1 और सम्पदा 2 के माध्यम से नागरिकों को सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। अब अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे लाल बस्ते का चलन खत्म हो रहा है। राजस्व रिकार्ड की नकल निकलवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की अब आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय, जबलपुर में नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व के क्षेत्र में यह एक नूतन व्यवस्था है जो सुशासन के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज नागरिकों को दस्तावेजों की हार्ड कापी और साफ्ट कापी दोनों ही उपलब्ध करवाने की व्यवस्था है। जबलपुर जिला प्रशासन इस पहल के लिए बधाई का पात्र है। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि जबलपुर में राजस्वर रिकार्ड के नवीनीकरण के नवाचार की शुरूआत हुई है, यह खुशी की बात है और उन्होंने आशा व्याक्तन की कि यह पूरे प्रदेश में होगी। इस उपलब्धि पर उन्हों ने कलेक्टैर श्री दीपक सक्सेवना सहित जिले की टीम को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रे मोदी तथा मुख्यनमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्वी में जो नवाचार शुरू हुआ है वह निश्चित ही एक मॉडल बनेगा। खजुराहो सांसद श्री बीडी शर्मा ने जबलपुर के अपडेटेड राजस्वय रिकार्ड रूम का बेहतर कार्य हुआ है और इस नई तकनीकी की शुरूआत होने पर प्रसन्नसता व्यिक्त की। उन्हों ने कहा कि अब कोई भी व्य क्ति जबलपुर जिले में अपने अभिलेखों की स्थिति के संबंध में ऑनलाईन देख सकता है।

**प्रदेश में बनेंगी जिला स्तरीय विकास समितियां**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिला स्तर पर विभिन्न समितियां बनेंगी जिसमें निवार्चित जनप्रतिनिधियों के साथ ही डॉक्टर, वकील और इंजीनियर आदि भी शामिल होंगे। यह एक ऐसा मॉडल होगा,जिसमें विकास का दायरा काफी विस्तृत होगा। मुख्यमंत्री जिला स्तरीय समितियों के अध्यक्ष और जिला प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। यह मॉडल सम्पूर्ण प्रदेश में लागू होगा और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे।

**विश्वविद्यालयों में नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों में नए-नए उपयोगी पाठ्यक्रम प्रारंभ होने चाहिए। मेडिकल यूनिवर्सिटी भी बहुआयामी पाठ्यक्रमों का संचालन कर सकती है। जिस तरह बी.एसी. एग्रीक्लचर के प्रति युवा आकर्षित हो रहे हैं, वैसे ही अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रम लागू कर विद्यार्थियों का दिल जीतने का कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मालवा सहित प्रदेश के सभी अंचलों में सेक्टरवाइज आयोजन होंगे। प्रत्येक संभाग में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद अब सेक्टरवाइज और विषयवार यह कार्यक्रम होंगे। मंदसौर में 3 मई में कृषि उद्योग समागम हो रहा है। अगला आयोजन महाकौशल अंचल में होगा। प्रदेश भर में प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना का कार्य तेजी से होगा। मुख्यौमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में जबलपुर व महाकौशल कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। उन्हों ने जबलपुर के विकास संबंधी नवाचारों की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पर्वातारोही जबलपुर के श्री अंकित सेन को पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अजय विश्नोई, श्री अशोक रोहाणी, श्री सुशील तिवारी इंदु, श्री संतोष बरकड़े, श्री लघन घंघोरिया सहित श्री रत्ने्श सोनकर, श्री राजकुमार पटेल, श्री विनोद गोंटिया, जिला पंचायत अध्येक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यिक्ष श्री रिकुंज विज तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दुल्हन ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत

# दहेज मांगने पर टूटी शादी, सरकारी शिक्षक समेत 9 पर एफआईआर



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** त्रिमूर्ति नगर निवासी एक युवती ने शादी से पहले दहेज की मांग को लेकर गोहलपुर थाने में सरकारी शिक्षक शैलेंद्र झारिया समेत 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। आरोप है कि सगाई के बाद शैलेंद्र और उसके परिवार ने 11 लाख रुपये नकद और एक लग्जरी कार की मांग की। जब लड़की पक्ष ने असमर्थता जताई, तो रिश्ता तोड़ दिया गया।

शिकायत के अनुसार, 27 अप्रैल को जबलपुर के एक बड़े होटल में सगाई हुई थी और 6 मई को शादी तय थी। लड़की के पिता संतोष झारिया ने सगाई में 2 लाख रुपये नकद, जेवर और कपड़े दिए थे। सगाई के कुछ दिन बाद दूल्हे की मां सरोज झारिया ने फोन कर 11 लाख रुपये और लग्जरी कार की मांग की। उन्होंने कहा कि मैं सरकारी टीचर हूं, 11 लाख तो बनता है।

लड़की के परिवार ने समझाने की कोशिश की, लेकिन शैलेंद्र ने शादी से इनकार कर दिया और यह तक कह दिया कि मैं 6 मई को किसी और से शादी करूंगा। इस घटनाक्रम के बाद बुधवार रात युवती परिजनों के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने शैलेंद्र झारिया, सरोज झारिया, भगवत झारिया, शिल्पा झारिया, पवन राज, आस्था झारिया, शुभम झारिया, चंद्रिका मेहरा और उमा झारिया के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 और भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

एसआई संध्या तिवारी ने बताया कि सभी आरोपितों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है और जांच जारी है।

## देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

जबलपुर। क्राइम ब्रांच और थाना बेलबाग पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बेलबाग थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक रात के अंधेरे में विश्वकर्मा मंदिर के पास बढ़ई मोहल्ला की गली में हथियार के साथ खड़ा है

# रेलवे स्टेशन के बाहर पकड़ा गया नाइजीरियाई युवक, 10 लाख रुपए नगद मिले

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर स्थित रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 6 के बाहर पुलिस ने एक नाइजीरियाई युवक को चेकिंग के दौरान पकडा़ है. पुलिस को तलाशी में युवक के बैग से दस लाख रुपए नगद मिले है. पुलिस को पूछताछ में नाइजीरियाई युवक संतोषजनक जबाव नही दे पाया. जिसपर पुलिस ने रुपया जब्त कर इनकम टैक्स विभाग को खबर दे दी है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 के बाहर मालगोदाम के पास एक विदेशी युवक की गविधियों को संदिग्ध देकर पुलिस ने चेकिंग के दौरान रोक लिया. जिसने पूछताछ के दौरान अपना पासपोर्ट दिखाते हुए इग्वे पैट्रिक निवासी नाइजीरिया बताया. पुलिस ने इग्वे के बैग की तलाशी ली तो उसमें से 500-500 के नोट की 19 गड्डी व 200 के नोट सहित अन्य कुल 10 लाख रुपए नगद मिले. पुलिस को पूछताछ में इग्वे पैट्रिक ने बताया कि वह अपना रुपया मनी एक्सचेंज में लेकर आया है. लेकिन पुलिस को उक्त जबाव संतोषजनक नहीं लगा. जिसके चलते पुलिस ने 106 बीएनएस के तहत रुपए जब्त करते हुए इनकम टैक्स विभाग को खबर दे दी है. पुलिस ने विदेशी नागरिक इग्वे को यह कहते हुए छोड़ दिया है कि आगे की जांच में सहयोग

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर दो युवक घायल

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना लार्डगंज में बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला हनुमानताल निवासी नीलेश महार ;उम्र 29 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात को अपने दोस्तों के साथ बस स्टैंड स्थित अभिनंदन होटल में खाना खाने के बाद मोटरसाइकिल ;क्रमांक डच् 20 छब् 5513द्ध से श्रीकांत विश्वकर्मा को पीछे बैठाकर मालवीय चौक के रास्ते घर जा रहा था। उनके दोस्त अदनान और मेवालाल एक्सिस स्कूटी से साथ चल रहे थे। करीब रात 12रू10 बजे जब वे नवाबबाड़ा के सामने पहुँचेए तभी तीनपत्ती की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रही काली स्कॉर्पियो ;क्रमांक डच् 20 फ9138द्ध ने उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक का फुटरेस्ट क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों को दाहिने पैर में चोटें आईं। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक न केवल गाली.गलौज करता रहाए बल्कि वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामले में धारा 281ए 125;एद्धए 296 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# रसगुल्ले के बाद अब नमक चोरी

## एक्टिवा सवार चोर ले उड़ा 5 बोरियां



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर में छोटी मगर हैरान करने वाली चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रहीं। सिहोरा की बेकरी से रसगुल्ले चोरी के मामले के बाद अब देवताल क्षेत्र में एक किराना दुकान से नमक की पांच बोरियां चोरी हो गईं। यह घटना 30 अप्रैल की सुबह करीब 4ः45 बजे हुई, जिसका फुटेज अब सामने आया है।

छ्ष्टञ्जङ्क में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक बिना किसी घबराहट के सफेद एक्टिवा से आता है और दुकान के बाहर रखी नमक की बोरियों को एक-एक कर गाड़ी में रखकर चला जाता है। चोरी की गई बोरियों की कीमत करीब 1,000 रुपए बताई गई है।

दुकान संचालक जयपाल सिंह प्रजापति उर्फ छोटे ने गढ़ा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज पुलिस को सौंपा। जयपाल सिंह ने बताया कि वह सालों से दुकान के बाहर नमक की बोरियां रखते आए हैं, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार हुई है।

थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा ने बताया कि फुटेज के आधार पर जांच जारी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सूने घर का ताला तोड़कर चोर ने उड़ाए 20 हजार रुपये

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** बरेला थाना क्षेत्र के ग्राम महगंवा काशी में एक परिवार के हल्दी समारोह में शामिल होने के दौरान अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बना लिया। घर का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और अलमारी से 20 हजार रुपये नगद पार कर ले गए।

प्रहलाद झारिया ;उम्र 65 वर्षद्धए निवासी ग्राम महगंवा काशी ने थाना बरेला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है और 9रू30 बजे सुबह अपने छोटे भाई सुखदेव झारिया की बेटी के हल्दी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। उसका परिवार पहले से ही वहां मौजूद था।

कुछ देर बाद बड़े भाई की बहू ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जब प्रहलाद झारिया घर वापस पहुँचे तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी का एक हिस्सा खुला थाए जबकि दूसरे हिस्से में कपड़ों के नीचे रखे 20ए000 रुपये गायब थे।

पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331;4द्धए 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडला संभाग मंडला

प्र.क्र. 60/ कोटेशन/ग्रायासे/2025 मण्डला, दिनांक 28/04/2025

## निविदा/ कोटेशन आमंत्रण सूचना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्यो हेतु निम्नानुसार पंजीकृत ठेकेदार/ प्रतिष्ठित फर्मो जिनका जी.एस.टी. पंजीयन हो से समग्री प्रदाय हेतु मोहर बंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 09/05/2025 समय 3.00 बजे दोपहर तक आमंत्रित किये जाते है। एवं प्राप्त कोटेशन उसी दिन 3.30 बजे दोपहर पश्चात संबंधित फर्म/ प्रतिनिधि के सामने खोले जावेंगे।

20mm गिट्टी, 40mm गिट्टी, सीमेंट, रेत, बोल्डर, ग्रेवल, बी.सी.स्वाईल, सेलेक्टेड स्वाईल, केशिंग स्वाईल, पिचिंग स्टोन, चिपिंग स्टोन, पानी टेन्कर, रोलर एवं जे.सी.बी. मशीन इत्यादि सामग्रियों के कोटेशन दर इकाई अनुसार कार्यवार डालने होंगे एवं सामग्री को निर्माण स्थल पर पहुंचाकर देना होगा। रेत एवं मिट्टी की रॉयल्टी रसीद देयक के साथ प्रस्तुत करना होगा अन्यथा शासन की निर्धारित दर अनुसार देयक से कटौती कर भुगतान किया जावेगा। दरें मय जीएसटी प्रदाय करना होगा साथ ही अन्य करों की कटोतियों भी नियमानुसार की जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | ग्राम/ग्राम पंचायत | विकासखंड |
|---|---|---|---|
| 1. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | तिंदनी/ तिंदनी | मण्डला |
| 2. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण झोडीनाला | सोंफ/तिलरी | बिछिया |
| 3. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | नरेनीजर/हर्राभाट | बिछिया |
| 4. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | अहमदपुर/चौबा | घुघरी |
| 5. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | अहमदपुर/सिंघनपुरी | घुघरी |

**कोटेशन स्वीकृति एवं निरस्ती का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।**

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डला संभाग मण्डला**


# रिटायर्ड बैंक मैनेजर का फोन हैक कर खाते से निकाले सवा छह लाख रुपये

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** गोराबाजार थाना क्षेत्र की एक सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक साइबर ठगों का शिकार बन गईं। ठगों ने क्रेडिट कार्ड जारी करने का झांसा देकर उनका फोन हैक किया। उसके बाद बैंक खाते से सवा छह लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़िता ने गोराबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बिलहरी राजुल टाउनशिप आवास क्रमांक बी-24 निवासी चैताली मित्रा (69) पंजाब नेशनल बैंक की सेवानिवृत्त प्रबंधक हैं। 25 अप्रैल को सुबह उन्हें एक फोन आया। कॉल करने वाले ने उनके कर्मचारी कोड का हवाला देकर क्रेडिट कार्ड जारी होने की बात कही। ठग ने क्रेडिट कार्ड के लाभ बताए और वीडियो कॉल के जरिए चैताली को उनके नाम, पते और अन्य विवरण स्क्रीन पर दिखाए। इसके बाद ठग ने स्क्रीन पर दिख रहे विवरण को पढ़कर त्रुटि सुधार के लिए कहा। सत्यापन के नाम पर एक ओटीपी भेजा गया, जिसे साझा करने के बाद ठग ने क्रेडिट कार्ड जल्द घर पहुंचने का आश्वासन देकर फोन काट दिया।

**खाते से गायब हुए सवा छह लाख**

दो दिन बाद, 27 अप्रैल को चैताली ने अपने बैंक ऐप को खोलने की कोशिश की, लेकिन यह काम नहीं किया। कई असफल प्रयासों के बाद ऐप लॉक हो गया, जिसके बाद उन्होंने इसे अनइंस्टॉल कर दोबारा डाउनलोड किया। लॉगिन करने पर उन्हें पता चला कि 26 अप्रैल को तीन अलग-अलग किश्तों में उनके खाते से कुल सवा छह लाख रुपये किसी अन्य फोन नंबर पर ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999